# डीआर भोपाल

भोपाल, वैरागढ़, वीएचएल, गोविंदपुरा, बुदनी, कोलार, बैरसिया | भाद्रपद शुक्ल पक्ष 05 – 2083 | भोपाल,दिन मंगलवार, दिनांक 15 सितंबर 2026


**न्यूज गैलरी**

### आयुष्मान से संबद्धता के लिए अब अस्पतालों को देना होगा निरीक्षण शुल्क

**भोपाल।** आयुष्मान भारत योजना से संबद्धता लेने वाले निजी अस्पतालों को अब निरीक्षण फीस देनी होगी। आयुष्मान भारत मध्यप्रदेश ने 7 सितंबर से यह व्यवस्था लागू की है। सिंगल स्पेशियलिटी अस्पताल के लिए 10 हजार और मल्टी स्पेशियलिटी के लिए 20 हजार रुपए फीस तय है। अस्पतालों को राशि आयुष्मान भारत राशिसचयन के साथ ही ऑनलाइन जमा कर रसीद संबद्धता के आवेदन के साथ लगानी होगी। इसके बाद ही निरीक्षण प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। व्यवस्था 7 सितंबर के बाद ऑनलाइन आवेदन करने वाले सभी निजी अस्पतालों पर लागू होगी। आकांक्षी जिलों और उन जिलों में, जहां संबंधित निजी अस्पताल 10 से कम हैं, निरीक्षण शुल्क की 50 राशि ही देनी होगी।

### सड़कों पर घूमने वाले 23 पशु पकड़े, गंदगी फैलाने पर 1 हजार जुर्माना

**भोपाल।** भोपाल नगर निगम ने सड़कों और कूटघरों पर स्वतंत्र विचरण करने वाले पशुओं के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की है। गोवंशीय परियोजना शाखा के अमले ने सोमवार को शहर के जहांगीराबाद, 74 बंगला, सावेरा नगर, शिवाजीनगर और सुभाष नगर समेत विभिन्न क्षेत्रों से 23 पशुओं को पकड़कर कांजी हाउस भेजा। साथ ही, 3 मीवार पशुओं को व्हाइटफील्ड निर्मितालय पहुंचाया गया और संकेत चोटी ने 250 पशुओं को सड़कों से हटाया। निगम आयुक्त श्रीमती संस्कृति जैन के निर्देश पर वार्ड–64 स्थित लेकटिसिटी गेंदा–3 में गोबर व गंदगी फैलाने पर एक रहवासी से एक हजार रुपए का स्पॉट फाइन भी वसूला गया।

### आज 37 इलाकों में 4 से 6 श्रीमान बिजली सप्लाई बंद

**भोपाल।** शहर के 37 इलाकों में बिजली सप्लाई बंद रहेगी। अलग–अलग क्षेत्रों में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे और शाम 4 बजे तक पानी 4 से 6 घंटे बिजली कटौती होगी। सुबह 10 से शाम 4 बजे तक पीएमएचई मल्ली, डायमंड किरी, कस्तूरी कॉर्नरहाई, सायन्सधारी परिसर, पाथर, विनायक होम्स, विनायक ग्रीन, शाकवीय स्पेशल, नार, सरपाट, पैक साहा, मौलाना आजाद अस्पताल और बैन पैक। सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक: एमसीए कॉलेज, खटलापुरा, तीन मंजिल पुलिस क्वार्टर, दुर्गी बाजार, परदान अस्पताल, एकात्मिक कॉलेज, जाया बिट लाइन, बनखेड़ी रोड, सास गैस एजेंसी, सिल्वर प्लाट, रेवड़ी भौकाल, डिजी टीवीन सहित अन्य क्षेत्र प्रभावित होंगे।

**सीएम दुबई में** | **उज्जैन में 17 सितंबर को 25 लाख दीयों से होगा भव्य दीपोत्सव**

# सेवा संकल्प अभियान, के तहत आयोजन, भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन और संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत के कार्यक्रम प्रस्तावित

**डीआर संवाददाता॥ भोपाल**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन और उनके सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर भाजपा संगठनात्मक द्वारा 17 सितंबर से 'सेवा संकल्प अभियान' शुरू किया जा रहा है। अभियान के तहत उज्जैन में भव्य दीपोत्सव आयोजित किया जाएगा। क्षिप्रा नदी के घाटों और महाकाल लोक क्षेत्र में करीब 25 लाख दीप प्रज्वलित किए जाने की तैयारी है। कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के साथ संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत के शामिल होने की संभावना है।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के अनुसार सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित होने वाले कार्यक्रम के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन को आमंत्रित किया गया है। नबीन 17 सितंबर को मध्यप्रदेश के दौरे पर रहेंगे। उनके लिए भदभदार, इंदौर और उज्जैन में तीन अलग कार्यक्रम प्रस्तावित किए गए हैं।

### तीन प्रमुख कार्यक्रम प्रस्तावित

नितिन नबीन के दौरे के दौरान भदभदार में गांधी सागर जलाशय में दीपों को छोड़ने का कार्यक्रम प्रस्तावित है। यहीं इंदौर में शासीन दीपों की आकाशीय झलि की की रजिस्ट्री से जुड़ी स्थानिय घोषणा की शुरुआत की जा सकती है। इस योजना का उद्देश्य सामीण आबादी को उनकी जमीन का मालिकाना हक उपलब्ध कराना है। उज्जैन में प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर 25 लाख दीपों का दीपोत्सव प्रस्तावित है।

भाजपा अध्यक्ष बनने के बाद नितिन नबीन का यह मध्यप्रदेश का पहला दौरा होगा। उनकी कार्यक्रमों को लेकर केंद्रीय नेतृत्व को प्रस्ताव भेजा गया है। अंतिम कार्यक्रमों को लेकर निर्णय होना बाकी है।

### 18 सितंबर को युवाओं से संवाद करेंगे भागवत

संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत 17 और 18 सितंबर को उज्जैन में रहेंगे। 17 सितंबर को वे महाकाल परिसर स्थित अवंतिका भवन में उज्जैन महानगर के स्वयंसेवकों को संबोधित करेंगे। इस दौरान संगठनात्मक गतिविधियों, कार्य विस्तार और आगामी कार्ययोजना पर चर्चा की संभावना है।

18 सितंबर को सुबह 11 बजे देवास रोड स्थित गीता भवन में सेवाव संस्थानन् की ओर से आयोजित 'सुबा धर्म संसद' में डॉ. भागवत युवाओं से संवाद करेंगे। कार्यक्रम में राष्ट्र, समाज और संस्कृति से जुड़े विषयों पर चर्चा प्रस्तावित है। सेवा संकल्प अभियान के तहत उज्जैन का दीपोत्सव प्रदेश के अनुसूचित आयोजनों में शामिल होगा।

## चदेरी में दर्दनाक हादसा, कुएं में डूबने से चार सगे भाइयों की मौत

**बंद्रा में संदिग्ध सतह से 22 मौतें, 112 अस्पताल में भर्ती**

**डीआर संवाददाता॥ अशोकनगर**



चंदेरी थाना क्षेत्र के विक्रमपुर नीली अंतर्गत ग्राम विक्रमपुर के पीटिया मोहल्ले में सोमवार को दर्दनाक हादसा हो गया। एक ही परिवार के चार सगे भाइयों की कुएं में डूबने से मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही उनिन महानगर के स्वयंसेवकों को संबोधित करेंगे। इस दौरान संगठनात्मक गतिविधियों, कार्य विस्तार और आगामी कार्ययोजना पर चर्चा की संभावना है।

18 सितंबर को सुबह 11 बजे देवास रोड स्थित गीता भवन में सेवाव संस्थानन् की ओर से आयोजित 'सुबा धर्म संसद' में डॉ. भागवत युवाओं से संवाद करेंगे। कार्यक्रम में राष्ट्र, समाज और संस्कृति से जुड़े विषयों पर चर्चा प्रस्तावित है। सेवा संकल्प अभियान के तहत उज्जैन का दीपोत्सव प्रदेश के अनुसूचित आयोजनों में शामिल होगा।

निकाला गया। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई शुरू की। इसकी की सूचना गांव में फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए।

प्रारंभिक जानकारी में कुएं के पास खिलाने के कारण हादसा होने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि घटना के वास्तविक कारणों की पुष्टि जांच के बाद ही होगी। एक ही परिवार के चार बच्चों की मौत से गांव में शोक का माहौल है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### उमा ने मंदिर–मस्जिद और शराब कांड पर भी रखी बात

## उमा भारती के घर पहुंचे मुख्यमंत्री मोहन यादव, घंटेभर बंद कमरे में हुई चर्चा



**डीआर संवाददाता॥ भोपाल**

मुख्यमंत्री मोहन यादव सोमवार को अचानक पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती के सरकारी आवास पहुंचे। दोनों के बीच करीब एक घंटे तक बंद कमरे में बातचीत हुई। मुलाकात के बाद उमा भारती ने हरी भाई–बहन के बीच की सामान्य मुलाकात बताया। हालांकि दोनों नेताओं के बीच हुई चर्चा के विषयों को लेकर कोई विस्तृत जानकारी सामने नहीं आई। उमा भारती ने उज्जैन में हनुमान मंदिर से जुड़े मुद्दे पर कहा कि संवैधानिक व्यवस्था में मंदिरमय नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं हो सकता कि मस्जिद को बचाया जाए और मंदिर को गिरा दिया जाए। सरकार को जनभावनाओं का सम्मान करना चाहिए।

### राहुल गांधी पर भी साधा निशाना

इंदौर में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के 'छोटी की गुंज' कार्यक्रम को लेकर उमा भारती ने एक बार फिर तंज कसा। उन्होंने कहा, 'राहुल खुद बूढ़े हो गए हैं, दोकरा हो गए। इस उम्र में नाती–पोते हो जाते हैं।' उन्होंने कहा कि युवा नरेंद्र मोदी को अपना नेता मानेंगे, राहुल गांधी को नहीं।

### शराब कांड पर बोलीं– शिवपुरी उदाहरण

शिवपुरी में जहरीली शराब पीने से मौतों के मामले में उमा भारती ने कहा कि संबंधित अधिकारी और विभागों से पूछा जाना चाहिए कि जब उन्हें जानकारी थी कि ये होम डिलीवरी कर रहे हैं तो उन्होंने कार्रवाई क्यों नहीं की।

## स्वाइन फ्लू: अब खुले में थूकने पर जुर्माना

**भोपाल।** शहर में स्वाइन फ्लू से एक बीट के बाद और घटते मामलों के बीच नगर निगम ने सार्वजनिक स्थलों पर थूकने पर सख्ती शुरू कर दी है। सोमवार को 8 जोनों से थूकने पर 800 रुपए स्पॉट फाइन वसूला गया। जोन–04 की टीम ने जवाहरी बाजपाया क्षेत्र में दाहर रोड, अवैध अहाते और दुकानों की जांच की। गंदगी और सिंगल यूज प्लास्टिक मिलने पर 14 गंगाओं में 21 हजार रुपए जुर्माना लगाया और 20 किलो प्लास्टिक पॉलीथिन जब्त की। इसके अलावा गंदगी फैलाने, कचरा जलाए नहीं करने और जलाने सहित अन्य गलतियों में भी कार्रवाई हुई। निगम ने कुल 35 गंगाओं में 31,800 रुपए जुर्माना।

## रातभर वारंटियों की धरपकड़, 94 वारंट तामीलय 59 गुंडा–निगरानी बदमाशों के घर पहुंची पुलिस

### त्योहारों से पहले भोपाल देहात में 95 पुलिसकर्मियों ने चलाया कॉम्बिंग अभियान

**डीआर संवाददाता॥ भोपाल**



त्योहारों के पहले अपराधियों और वारंटियों की गतिविधियों के लिए भोपाल देहात पुलिस ने 13–14 सितंबर की दरमियानी रात कॉम्बिंग नाका अभियान चलाया। अलग–अलग सात टीमों ने 36 अपराधियों और 59 पुलिसकर्मियों सहित कुल 95 पर बात अभियान में शामिल रहा। पुलिस टीमों ने रातभर वारंटियों की तलाश के साथ संदिग्ध लोगों और वाहनों की जांच की।

एसपी देहात चंचल कुमार पाण्डेय ने जानकारी साझा करते बताया कि अभियान में शामिल अधिकारियों और कर्मचारियों को ड्यूटी किया। इसके बाद अलग–अलग टीमों को संवेदित थाना क्षेत्रों में रवाना किया गया। अन्य बेल्टों में राजपत्रित अधिकारियों और थाना प्रभारियों के नेतृत्व में कॉम्बिंग नाका की गई।

अभियान के दौरान पुलिस ने विभिन्न मामलों में जारी वारंटों की तामील कराई। कुल 48 स्थायी और 46 गिरफ्तारी वारंट समेत 94 वारंट तामील किए गए। इसके अलावा 53 जमानती वारंट भी तामील कराए गए।

पुलिस टीमों ने हत्या, हत्या के प्रयास, महिलाओं से जुड़े गंभीर अपराधों सहित अन्य मामलों के वारंटियों की तलाश की। अभियान के दौरान 59 गुंडा और निगरानी बदमाशों के घर पहुंचकर उनकी गतिविधियों की जांच की गई। पुलिस ने दो सिलाधदार बदमाशों को भी नोक किया।

त्योहारों के दौरान छापेमारी–व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से चलाए गए इस अभियान में पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत भी एक कार्रवाई की। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में आपराधियों और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## नौ साल बाद सांसद हिमाद्री सिंह का वैवाहिक रिश्ता समाप्त,सहमति से विवाह विच्छेद की डिक्री सुनाई

**डीआर संवाददाता॥ शहडोल**

शहडोल लोकसभा क्षेत्र से भाजपा सांसद हिमाद्री सिंह और पूर्व भाजपा प्रत्याशी नरेंद्र सिंह मरावी का करीब नौ साल पुराना वैवाहिक रिश्ता अब आपसी रूप से समाप्त हो गया है। अनूपपुर जिले के राजेंद्रग्राम स्थित जिला न्यायालय ने दोनों की पारस्परिक सहमति से विवाह विच्छेद की डिक्री पारित कर दी।

विवाह अधिनियम के प्रावधानों के तहत विवाह विच्छेद की डिक्री पारित कर दी। हिमाद्री सिंह शहडोल लोकसभा क्षेत्र से भाजपा की सांसद हैं, जबकि नरेंद्र सिंह मरावी पूर्व में भाजपा से 2021 से अलग–अलग रह रहे थे। इसके बाद दोनों ने आपसी सहमति से वैवाहिक संबंध समाप्त करने के लिए न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया था। मामले की सुनवाई के बाद न्यायालय ने हिंदू विवाह अधिनियम के प्रावधानों के तहत विवाह विच्छेद की डिक्री पारित कर दी।

न्यायालय के फैसले के बाद दोनों के बीच वैवाहिक संबंधों को लेकर चल रही कानूनी प्रक्रिया समाप्त हो गई। यह मामला क्षेत्र में राजनीतिक और सामाजिक स्तर पर भी चर्चा का विषय बना हुआ है।

## बैरसिया तहसील 200 ट्रैक्टर–ट्रॉलियों से बैरसिया पहुंचेंगे किसान, कल कलेक्ट्रेट का घेराव

**डीआर संवाददाता॥ भोपाल**

भोपाल। किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर मंगलवार को गंजीरावाद से बैरसिया तक किसान न्याय यात्रा निकाली जाएगी। किसान करीब 200 ट्रैक्टर–ट्रॉलियों से सवार होकर बैरसिया तहसील पहुंचेंगे। यहां एसडीएम शिवांगी बघेल को अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपने के बाद किसान रात्रि विश्राम करेंगे। इसके बाद बुधवार को ट्रैक्टर–ट्रॉलियों से भोपाल कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर दिनेश मिश्रा को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

किसान संघ के जिलाध्यक्ष निरंजन राजपूत ने बताया कि भगवान बलराम किसान न्याय यात्रा के दौरान किसान अपनी मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। किसानों की प्रमुख मांगों में सोयाबीन खराब नुकसान का मुआवजा, वर्ष 2024–25 का बकाया फसल बीमा, सोयाबीन की एमएसपी पर खरीदी और गंजीरावाद से खाद वितरण केंद्र खोलना शामिल है। किसानों ने खाद की पर्याप्त व्यवस्था करने की मांग भी रखी है।

## जुबानी जंग | गुरुशरण महाराज ने दी चार सवालों के जवाब की चुनौती, धीरेंद्र शास्त्री ने भी बिना नाम लिए साधा निशाना

## पंडोखर धाम और बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वरों में जुबानी जंग

**डीआर संवाददाता॥ पटिया।**

पंडोखर धाम के पीठाधीश्वर गुरुशरण महाराज और बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के बीच बयानबाजी तेज हो गई है। अमावस्या की रात आयोजित किसालदरी दरबार में गुरुशरण महाराज ने बिना नाम लिए धीरेंद्र शास्त्री को चुनौती दी। उन्होंने कहा कि यदि किसी व्यक्ति को भविष्य बताने और समस्याओं का समाधान करने की सिद्धि आती है तो वह चार सवालों के सही जवाब देकर इसे साबित करे।

गुरुशरण महाराज ने पांच में से चार सवालों के सही जवाब देने पर एक करोड़ 41 लाख रुपये का पुरस्कार देने की बात कही।



धीरेंद्र शास्त्री ने किया पलटवार

उन्होंने अपने अनुभव का हवाला देते हुए कहा कि उनके पास ऐसी सिद्धि है, जिसकी दूसरे लोग कल्पना भी नहीं कर सकते। उन्होंने चुनौती के तीर पर जेल में बंद व्यक्ति के बाहर आने की तारीख बताने जैसे सवाल का भी उल्लेख किया।

दूसरी ओर बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने एक प्रवास के दौरान भी बिना नाम लिए जवाब दिया। उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति ने बताया कि उसके गुरु नोट का नंबर, मोबाइल नंबर, आधार कार्ड और पिन कोड तक बता देते हैं। इस पर शास्त्री ने कहा कि वे धीरे–साधे व्यक्ति हैं और प्रार्थना करते हैं, लेकिन नंबर बताने की सिद्धि नहीं जानते।

उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि यदि कोई नोट और मोबाइल नंबर बता सकता है तो सड़े का नंबर भी बता सकता होगा। दोनों संतों के बयानों के बाद सोशल मीडिया और धार्मिक क्षेत्रों में इस विवाद को लेकर चर्चा तेज हो गई है।

## भोपाल में बैठक के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस, धार्मिक स्वतंत्रता और पर्सनल लॉ के अधिकारों पर विचार की मांग

**डीआर संवाददाता॥ भोपाल**

यूनियन ऑफिशियल कोड (यूसीसी) को लेकर ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के सदस्यों ने सोमवार को भोपाल के खानूनाबाद जैपास में बैठक की। बैठक के बाद आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में यूसीसी को लेकर आपत्ति जताई गई। शहर काजी सुलताना आली नवाबी और बोर्ड के सदस्य–ए–आलमात एवं कांग्रेस मुस्लिम समाज नेता आरिफ मसूद ने कहा कि धार्मिक स्वतंत्रता और पर्सनल लॉ से जुड़े अधिकारों पर संगीरता से विचार किया जाना चाहिए।

आरिफ मसूद ने कहा कि ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड किसी भी मुद्दे पर जानकारी में लिनेक नहीं लेता। विभिन्न संगठनों और समाज के लोगों से विचार–विमर्श के बाद ही किसी विषय पर अपनी राय रखता है। उन्होंने कहा कि यूसीसी से जुड़े विषय पर भी व्यापक चर्चा और सभी पक्षों को सुनने की आवश्यकता है।



बैठक में बोर्ड की आगामी गतिविधियों और यूसीसी से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई। प्रेस कॉन्फ्रेंस में पत्रकारों ने कहा कि देश में धार्मिक स्वतंत्रता और संविधान प्रदत्त अधिकारों को ध्यान में रखते हुए किसी भी कानून पर विचार किया जाना चाहिए। इस दौरान 17 सितंबर को उलत–मंजर पहुंचने की अपील भी की गई।

डिजटन अखबार

# डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर भाद्रपद शुक्ल पक्ष 04- 2083 सीहोर,दिन सोमवार,दिनांक 14 सितंबर 2026

मौसम

चिंतामन गणेश मंदिर में आज से 12 दिवसीय गणेश जन्म महोत्सव, महाअभिषेक के बाद जन्म आरती से मेले का शुभारंभ

## बप्पा की अगवानी में उमड़ा आस्था का सैलाब, बरखेड़ा हसन में निकाली भव्य शोभायात्रा

डीआर संवाददाता•सीहोर

गणेश चतुर्थी के साथ सोमवार से क्षेत्र में गणेशोत्सव का शुभारंभ हो गया। भगवान श्रीगणेश की प्रतिमाओं की स्थापना को लेकर गांवों और कस्बों में श्रद्धालुओं में खासा उत्साह नजर आया। बरखेड़ा हसन में बालू गणेश उत्सव समिति की ओर से भगवान गणेश की अगवानी के लिए भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इसमें सांस्कृतिक आयोजन के तौर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। ढोल-नगाड़ों और गणपति बप्पा के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।



बरखेड़ा हसन। ढोल के बरखेड़ा हसन के मुख्य गेट से बालू गणेश उत्सव समिति द्वारा निकाली गई शोभायात्रा

### श्रीराम मंदिर से पंडाल तक निकली शोभायात्रा

बरखेड़ा हसन में भगवान श्रीगणेश की प्रतिमा को गांव के श्रीराम मंदिर से गणेश पंडाल तक शोभायात्रा के साथ ले जाया गया। शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ से सड़कें भर गईं। इस दौरान पंडाल की सजावट और भगवान गणेश की प्रतिमा श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। शोभायात्रा के पंडाल पहुंचने के बाद विधि-विधान से भगवान श्रीगणेश की प्राणप्रतिष्ठा की गई। आयोजन में ग्राम पटेल सतीश धुर, साधूलाल विश्वकर्मा, जगदीश सदासुख लोधी, सुरेश लोधी, गंगाशंकर लोधी, पूर्व सरपंच हेमराज लोधी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### केदारनाथ मंदिर की थीम पर तैयार किया पंडाल

बालू गणेश उत्सव समिति ने इस बार गणेश पंडाल को केदारनाथ मंदिर की थीम पर भव्य रूप से तैयार किया है। पंडाल की सजावट और भगवान गणेश की प्रतिमा श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। शोभायात्रा के पंडाल पहुंचने के बाद विधि-विधान से भगवान श्रीगणेश की प्राणप्रतिष्ठा की गई। आयोजन में ग्राम पटेल सतीश धुर, साधूलाल विश्वकर्मा, जगदीश सदासुख लोधी, सुरेश लोधी, गंगाशंकर लोधी, पूर्व सरपंच हेमराज लोधी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### पूरे क्षेत्र में जगह-जगह स्थापित हुई प्रतिमाएं

गणेश चतुर्थी पर श्यामपुर, दोराहा, अहमदपुर, बरगावं सहित पूरे क्षेत्र में सैकड़ों छोटे-बड़े पंडालों में भगवान गणेश की प्रतिमाएं स्थापित की गईं। झालखेड़ा, बरखेड़ी पीपा, साताजागीर, बरखेड़ी पीपा, मधुखेड़ा, लोधी, खाईखेड़ी, धनरी, टिंचोली, हरिणाखेड़ा, सुजाखेड़ी, दीवानगंज, गढ़ी नवाब, इछावर, सिंगोरिया, फ़तेहपुरा, आकोदिया, रामलखेड़ी, चांदखेड़ा जागीर, गवा, धरिया, पीपलखेड़ी सहित अन्य गांवों में भी गणेशोत्सव की धूम रही।



### 12 बजे हुई महाआरती

गणेश चतुर्थी के अवसर पर सोमवार 12 बजे भगवान श्रीगणेश की जन्म महाआरती की गई। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। महाआरती के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही।

### श्रीगणेश मंदिर में 12 दिन चलेगा उत्सव

सीहोर से श्रीगणेश मंदिर में भी सोमवार से गणेश उत्सव शुरू हो गया। मंदिर के पुजारी पंडित जय दुबे ने बताया कि इस वर्ष गणेश उत्सव 14 सितंबर से शुरू होकर अगले चतुर्दशी 25 सितंबर तक चलेगा। इस बार विशेष संयोग के चलते उत्सव 12 दिनों तक रहेगा। इस दौरान प्रतिदिन भगवान श्रीगणेश का अलग-अलग श्रृंगार किया जाएगा। मंदिर में ढोल और श्रद्धालुओं की गूंज से दिनभर भक्तिमय माहौल बना रहेगा।

## मंत्री ने कलेक्टर से मजाकिया अंदाज में कहा- न मेरी गारंटी, न आपकी



डीआर संवाददाता•इछावर

इछावर तहसील के धार्मिक स्थल में आयोजित सरकारी कार्यक्रम के दौरान राजस्व मंत्री करनसिंह वर्मा और कलेक्टर बालगुरु के. पी. के बीच हुई हल्की-फुल्की मार्गदर्शन ने माहौल को खुशनुमा बना दिया। कार्यक्रम में मंत्री ने कलेक्टर से मजाकिया अंदाज में पेंडुल का लड्डूसिस बनने की बात कही, जिस पर कलेक्टर ने गमा कर दिया। इसके बाद मंत्री की सुरक्षा पर लगे पर गौतूर जनप्रतिनिधि, अधिकारी और मार्गदर्शन तहाके लगाते नजर आए।

राजस्व मंत्री करनसिंह वर्मा ने बातचीत के दौरान कहा कि पद और जीवन दोनों अस्थायी हैं। आज कोई अधिकारी जिस पद पर है, जरूरी नहीं कि कल भी उसी पद पर रहे। इसी तरह आज मैं मंत्री हूं, लेकिन कल इस पद पर रहूं, इसकी कोई गारंटी नहीं है।

उन्होंने सहज शब्द में लेकर मजाकिया अंदाज में कहा, भाई यार, न मेरी कोई गारंटी है, न आपकी गारंटी है। आज आप कलेक्टर हो, कल नहीं रहोगे। आज मैं मंत्री हूं, कल नहीं रहूंगा।-मंत्री की बात सुनकर कलेक्टर बालगुरु के. के सहित मंच पर मौजूद लोगों के चेहरे पर मुस्कान आ गई।

### स्थानीय भाषा को लेकर भी ली चुटकी

मंत्री ने कलेक्टर की तमिलियन भाषा को लेकर भी हल्की अंदाज में चिमगी ली। उन्होंने कहा कि जब कलेक्टर यहां आए थे, तब उन्हें स्थानीय भाषा की ज्यादा जानकारी नहीं थी, लेकिन अब उन्होंने काफी कुछ सीख लिया है और काम भी समझ कर रहे हैं। इस पर कलेक्टर भी मुस्कुराते नजर आए।

### न्यूज गैलरी

### समर्थन, दान उपार्जन के लिए पंजीयन 15 सितंबर से

**सीहोर।** जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 के तहत समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के लिए किसानों का पंजीयन तय अवधि में होगा। धान पंजीयन 15 सितंबर से शुरू होगा, जो 15 अक्टूबर तक चलेगा। जिला प्रशासन ने धान उत्पादक किसानों से कहा है कि वह समय से पंजीयन जरूर कराएं। पंजीयन नहीं होने पर उपार्जन प्रक्रिया में परेशानी हो सकती है।

### आज से दो दिवसीय संगठन सृजन शिविर

**सीहोर।** कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत, सक्रिय, प्रभावी बनाने के लिए 15 और 16 सितंबर को दो दिवसीय जिला स्तरीय संगठन सृजन प्रशिक्षण शिविर होगा। आयोजन यशवंत गार्डन में किया जाएगा। शिविर में जिले के सभी अध्यक्ष, नगर अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, फ्रंट अध्यक्ष शामिल होंगे। जिले भर से करीब 200 पदाधिकारी और कार्यकर्ता भाग लेंगे। दो दिन के प्रशिक्षण में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने पर जोर रहेगा।

### रु तरुण पर्यूषण पर्व 18 से, 27 को निकलेगी भव्य यात्रा

**आष्टा।** में दिगंबर जैन समाज का पर्वाधिराज दस लक्षण पर्यूषण पर्व 18 से 25 सितंबर तक श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाएगा। इस दौरान नगर के जिनालयों में विशेष पूजा, अभिषेक, शांतिधारा, स्वाध्याय, ध्यान और प्रवचन होंगे। ज्ञान-ध्यान शिविर के साथ तत्वार्थ सूत्र का वाचन भी किया जाएगा। जिला मंदिर स्थित दिगंबर जैन में मुनि सागर, ऐलक मंथन सागर, मुनि अमोघ सागर व मुनि अपूर्व सागर महाराज संसंघ के सान्निध्य में आयोजन होंगे। प्रतिदिन सुबह 5.30 - 8.00 बजे तक, अभिषेक-पूजन और प्रवचन होंगे। दोपहर में स्वाध्याय तथा शाम को आरती, प्रवचन व सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।

पर्व के दौरान सोलहकारण, दस लक्षण, सुगंध दशमी और रत्नत्रय पर्व की पूजा होगी। 20 सितंबर को गंध मंदिर, 22 को नेमिनाथ मंदिर और 25 को जिला मंदिर से जलयात्रा

## कुबेरेश्वरधाम में उमड़ा आस्था का सैलाब, हजारों श्रद्धालुओं ने किए फूलेरा

कुबेरेश्वरधाम में हजारों श्रद्धालु पहुंचे

डीआर संवाददाता•सीहोर।

सीहोर। जिलाधिकारिका टीना सिंह निर्मलकीर पुरली मनोहर एवं कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में इलसलिकर तीज और गणेश उत्सव श्रद्धा एवं भक्ति के साथ मनाया गया। सोमवार को कुबेरेश्वरधाम में हजारों श्रद्धालु पहुंचे। ग्राम परिसर में दो विधान से अधिक पूजारे सजाया गया, जिसके दर्शन के लिए दिनभर श्रद्धालुओं की भीड़ रही। महिला श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन कर भगवान



शिव और माता पार्वती की आराधना की।

सुबह से पहुंचे श्रद्धालुओं ने भगवान शिव को एक लोटा जल अर्पित कर अभिषेक किया। इसके बाद भगवान शिव-माता पार्वती, भगवान राम-माता सीता और भगवान श्रीकृष्ण-राधा के दर्शन किए। पूरे परिसर में शिव के जयकारों और भक्ति गीतों से वातावरण भक्तिमय बना रहा।

### वाराणसी से पहुंचे संतों का सम्मान

इस अवसर पर काशी से आए संत देवेंद्रमिश्र एवं पंडित अर्जुन शास्त्री का सिटलेश सेवा समिति की ओर से स्वागत एवं सम्मान किया गया। पंडित विनय मिश्र, पंडित समीर पुजारा और बच्चा व्यासक पंडित राघव मिश्रा सहित अन्य पदाधिकारियों ने संतों को पुष्पमाला और अंगवस्त्र भेंट किए।

संत देवेंद्रमिश्र ने कहा कि पंडित प्रदीप मिश्रा ने भगवान शिव की भक्ति को जन-जन तक पहुंचाने और सनातन धर्म को मजबूत करने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि भारत की सनातन संस्कृति ने विश्व को मार्गदर्शन देने की क्षमता है।

### गणेश प्रतिमा की स्थापना

कुबेरेश्वरधाम के मुन्नी मनोहर मंदिर में गाजे-बाजे के साथ भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित की गई। पूजा-अर्चना और आरती के बाद भगवान गणेश को 1100 लड्डुओं का भोग लगाया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं में प्रसादी का वितरण किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने गणेशजी के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की।

दिनभर चले धार्मिक आयोजनों के दौरान श्रद्धालुओं ने संतों का आशीर्वाद लिया। सिटलेश सेवा समिति की ओर से संतों का अंगमीय स्वागत करते हुए धाम पर चल रही धार्मिक गतिविधियों और श्रद्धालुओं के लिए की जा रही व्यवस्थाओं की सराहना की।

## सीवन नदी तट पर आशीर्वाद का दीया' से होगी शुरुआत

डीआर संवाददाता•सीहोर।

सीहोर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से सीहोर में नगर पालिका द्वारा करीब एक माह तक विभिन्न जनहित, सामाजिक और विकास गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। नगर पालिका ने कार्यक्रमों की तैयारियां शुरू कर दी हैं। शहर को आकर्षक और व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

कार्यक्रमों की शुरुआत 17 सितंबर को शाम करीब 6 बजे सीवन नदी तट पर आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। नगर पालिका द्वारा कार्यक्रम की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। नदी तट पर होने वाले आयोजन में शहरवासियों की सहभागिता होगी।

वार्डों में भी होंगे कार्यक्रम

नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस सतीरे ने अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की है। आयोजन से जुड़ी व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए हैं। नगर पालिका सीएमओ सुधीर कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के जन्मदिन के अवसर पर लगातार एक माह तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।वार्ड स्तर पर पार्षदों और नगर पालिका अमले को कार्यक्रम आयोजित करने की जिम्मेदारी दी गई है। नागरिकों की सहभागिता से जनहित एवं सामाजिक गतिविधियां कराई जाएंगी। शहर में चल रहे और प्रस्तावित विकास कार्यों को भी कार्यक्रमों की श्रृंखला से जोड़ा गया है।

विकास कार्यों को मिलेगी गति

नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस सतीरे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है। नगर पालिका द्वारा केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ नागरिकों तक पहुंचाने के साथ शहर के विकास के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जन्मदिन के अवसर पर होने वाले कार्यक्रम केवल उत्सव तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि इनके माध्यम से विकास और जनसेवा से जुड़े कार्यों को भी गति दी जाएगी।17 सितंबर को सीवन नदी तट पर होने वाला 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम इस आयोजन शृंखला का प्रमुख आकर्षण होगा।

## बसपा में संगठनात्मक बदलाव, कोमल नागर बने सीहोर जिलाध्यक्ष

डीआर संवाददाता•सीहोर



बहुजन समाज पार्टी ने संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से सीहोर जिले में संगठनात्मक बदलाव करते हुए नई जिला कार्यकारिणी घोषित की है। सोमवार को बामयास विश्राम भवन में आयोजित संगठनात्मक बैठक में नवीन पदाधिकारियों की घोषणा की गई। इस दौरान कोमल नागर को बसपा का नया जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया, जबकि पूर्व जिलाध्यक्ष संजीव बौद्ध को विदिशा लोकसभा प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई।

बैठक में बसपा मध्यप्रदेश के इंदौर-भोपाल जोन प्रभारी कमलेश चुन्नार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। विशिष्ट अतिथि के रूप में विदिशा लोकसभा प्रभारी संजीव बौद्ध और भोपाल भालवीय मौजूद रहे। मुख्य अतिथि ने संगठनात्मक बदलावों की जानकारी देते हुए नवनियुक्त पदाधिकारियों की घोषणा की।

नई कार्यकारिणी में नवीन मैरये को जिला उपाध्यक्ष, कीर्ती धर्मोदिया को जिला महासचिव, नरसिंह भारती को जिला सचिव और एनसी सागर को जिला कोषाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं बढ़ोधारा फटारिया और भगवान बघेले को जिला कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया।

## जिले में अब तक 840.3 मिमी औसत वर्षा, पिछले साल की तुलना में बारिश कम,सीहोर-आष्टा में ज्यादा बारिश

डीआर संवाददाता•सीहोर

जिले में मानसून की गतिविधियां अब धीमे-धीमे कमजोर पड़ने लगी हैं। बारिश का दौर लगातार बना हुआ है, लेकिन अब झड़ी की जगह कभी तेज धूप तो कभी आसमान बीचारें देखने को मिल रही हैं। सोमवार को भी जिले के कई क्षेत्रों में रुक-रुककर बारिश हुई।

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार बंगाल की खाड़ी में बने दो सिस्टम के प्रभाव से अगले में अभी बारिश का दौर जारी है।

इस बार जिले के सीहोर और आष्टा ब्लॉक में पिछले साल की तुलना में अधिक बारिश दर्ज की गई है। सीहोर ब्लॉक में अब तक 1805 मिमी बारिश दर्ज हुई है, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में 1613 मिमी बारिश हुई थी। इसी तरह आष्टा ब्लॉक में इस बार अब तक 881 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई है, जबकि पिछले साल 706 मिमी बारिश हुई थी।

### कुछ मीटर के अंतर पर बदला मौसम

सोमवार को महादेविया-बदौरी रोड के पास मौसम का अजब ही नजारा देखने को मिला। यहां एक ओर हल्की बौछारें हो रही थीं, वहीं कुछ ही मीटर की दूरी पर तेज बारिश हो रही थी। इससे जिले में स्थानीय स्तर पर मौसम में हो रहे बदलाव का अंदाजा लगाया जा सकता है।

### जिले में औसत 840.3 मिमी बारिश

मौसम वैज्ञानिक डॉ. एसएस तोमर ने भू-अभिलेख शाखा के आंकड़ों के हवाले से बताया कि जिले में अब तक औसतन 840.3 मिमी बारिश दर्ज की गई है। पिछले वर्ष इसी अवधि में जिले में करीब 943 मिमी बारिश हुई थी। इस लिहाज से इस वर्ष जिले की औसत बारिश पिछले साल की तुलना में करीब 103 मिमी कम है।

मानसून की विदाई के संकेतों के बीच किसानों की नजर अब आगामी बारिश पर टिकी हुई है। जिले के कुछ क्षेत्रों में सामान्य से अधिक बारिश होने के बावजूद औसत आंकड़े में कमी बनी हुई है। आने वाले दिनों में बारिश की स्थिति से जिले का अंतिम वर्षा आंकड़ा और बदल सकता है।

सोमवार की दोपहर बाद देर शाम तक सिंहीज बारिश की फुहारों का दौर बना रहा है जो पैर रहा तक क्षेत्र में बना रहा।

## जन्मोत्सव

### 17 सितंबर को सीवन नदी तटपर जलेगा 'आशीर्वाद का दीया'

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर एक माह तक होंगे आयोजन, विकास कार्यों का भूमिपूजन-लोकार्पण

डीआर संवाददाता•स्थानपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर नगर पालिका सीहोर द्वारा हर वर्ष की तरह इस बार भी विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जन्मदिन से शुरू होने वाले कार्यक्रमों की शृंखला करीब एक माह तक चलेगी। इस दौरान शहर के अलग-अलग वार्डों में जनहित एवं सामाजिक गतिविधियों के साथ विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं पूर्ण हो चुके कार्यों का लोकार्पण किया जाएगा।

इसी क्रम में 17 सितंबर गुरुवार



को शाम करीब 6 बजे सीवन नदी तट पर 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। नगर पालिका द्वारा कार्यक्रम की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। नदी तट पर होने वाले आयोजन में शहरवासियों की सहभागिता होगी।

वार्डों में भी होंगे कार्यक्रम

नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस सतीरे ने अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की है। आयोजन से जुड़ी व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए हैं। नगर पालिका सीएमओ सुधीर कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के जन्मदिन के अवसर पर लगातार एक माह तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।वार्ड स्तर पर पार्षदों और नगर पालिका अमले को कार्यक्रम आयोजित करने की जिम्मेदारी दी गई है। नागरिकों की सहभागिता से जनहित एवं सामाजिक गतिविधियां कराई जाएंगी। शहर में चल रहे और प्रस्तावित विकास कार्यों को भी कार्यक्रमों की शृंखला से जोड़ा गया है।

विकास कार्यों को मिलेगी गति

नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस सतीरे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है। नगर पालिका द्वारा केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ नागरिकों तक पहुंचाने के साथ शहर के विकास के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जन्मदिन के अवसर पर होने वाले कार्यक्रम केवल उत्सव तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि इनके माध्यम से विकास और जनसेवा से जुड़े कार्यों को भी गति दी जाएगी।17 सितंबर को सीवन नदी तट पर होने वाला 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम इस आयोजन शृंखला का प्रमुख आकर्षण होगा।

## मुक्तिधाम का रास्ता कीचड़ में तब्दील, अंतिम यात्रा में फिसलते रहे लोग

डीआर संवाददाता•जावर।

इस्माइलखेड़ी गांव में सोमवार को जानकीबाई की अंतिम यात्रा के दौरान मुक्तिधाम तक पहुंचने वाला रास्ता कीचड़, फिसलन और जलभराव से भरा मिला। शव को कंधे देकर ले जा रहे लोगों को रास्ते में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। किसी तरह के बीच लोगों ने किसी तरह संभलते हुए मुक्तिधाम पहुंचकर अंतिम संस्कार किया।

ग्रामीण रामचंद्र सोलंकी ने बताया कि गांव में विकास कार्यों की कमी के कारण बारिश के दिनों में समस्या गंभीर हो जाती है। ग्रामीण जगन्नाथ, रवींद्र सोलंकी और जीवन सिंह ने भी मुक्तिधाम तक सड़क नहीं होने से होने वाली परेशानी बताई।

### ग्रामीण देंगे ज्ञापन

ग्रामीणों ने समस्या के समाधान की मांग को लेकर मंगलवार को तहसीलदार को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि समस्या का समाधान नहीं होने पर वे चुनाव का बहिष्कार करेंगे।

ग्राम पंचायत के सचिव केसर सिंह ने बताया कि मुक्तिधाम तक पेवर रोड निर्माण की स्वीकृति मिल चुकी

# डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर भाद्रपद शुक्ल पक्षा 05- 2083 सीहोर, दिन मंगलवार,दिनांक 15सितंबर 2026


**न्यूज गैलरी**

### झांकी सजाएं तो पहले ले अस्थायी कनेक्शन

सीहोर। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने धार्मिक उत्सव समितियों, कॉलोनी एसोसिएशनों से अपील की है कि गणेशोत्सव के दौरान पंडालों, झांकियों में बिजली की सजावट अस्थायी कनेक्शन लेकर ही करें। कंपनी के पोर्टल पर जाएं। निर्धारित प्रपत्र में सही सांगोपांग विद्युत भार दिखाएं। अस्थायी कनेक्शन के लिए ऑनलाइन आवेदन करें। आवेदन के साथ लाइसेंसी विद्युत ठेकेदार की टेस्ट रिपोर्ट लगाएं। डायरेक्ट भी लाइसेंसधारी विद्युत ठेकेदार से ही कराएं। बिजली कंपनी से अस्थायी कनेक्शन की रसीद जरूर लें।

### धान फसल वाले किसानों से अपील, आज से पंजीयन कराएं

सीहोर। जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 के तहत समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के लिए किसानों के पंजीयन की प्रक्रिया निर्धारित अवधि में की जाएगी। किसानों के लिए धान पंजीयन की प्रक्रिया 15 सितंबर से प्रारंभ होकर 10 अक्टूबर तक चलेगी। जिला प्रशासन द्वारा जिले के धान उत्पादक किसानों से अपील की गई है कि वे निर्धारित अवधि के भीतर अपना धान पंजीयन अनिवार्य रूप से कराएं, ताकि उपार्जन प्रक्रिया में उन्हें किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। किसान निर्धारित समय-सीमा का विशेष ध्यान रखते हुए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की प्रतीक्षा किए बिना समय पर पंजीयन की प्रक्रिया पूर्ण कराएं। प्रशासन ने किसानों से आग्रह किया है कि धान पंजीयन से संबंधित निर्धारित प्रक्रिया व आवश्यक औपचारिकताओं की जानकारी प्राप्त कर समय-सीमा में पंजीयन सुनिश्चित करें।

### कन्या शिक्षा परिसर मे मनाया गणेश उत्सव

सीहोर। नगर सरकी आजादीन कन्या शिक्षा परिसर सीहोर में सूर्या फाउंडेशन द्वारा संचालित विद्यालय में गणेश उत्सव बड़े हर्षोल्लास, श्रद्धा व भक्तिभाव के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभमनगान श्री गणेश की प्रतिमा स्थापना व विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ किया गया।गणेश उत्सव के अवसर पर विद्यालय की बालिकाओं ने गणेश वंदना, भजन, गीत व विभिन्न मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां प्रस्तुत कर उपस्थित जनों का मन मोह लिया। बालिकाओं की प्रस्तुतियों से विद्यालय परिसर में उत्साह और भक्ति का वातावरण बना रहा। वहीं गणपति बप्पा के जयकारों से पूरा विद्यालय परिसर गूंज उठा। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं व शिक्षकों ने भगवान श्री गणेश की आरती कर सुख-समृद्धि, शांति व विद्यालय की उन्नति की कामना की। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक सतीश शर्मा, प्रधानाचार्य डा. विनीत गाबा, प्रशासक अशोक तिवारी, उप प्रबंधक संदीप मौर्य सहित समस्त शिक्षकगण व विद्यालय परिवार उपस्थित रहा। कार्यक्रम का सम्चालन भगवान श्री गणेश की आरती व प्रसाद वितरण के साथ हुआ।

### निर्जला व्रत रखकर की उपासना

सीहोर।हिन्दू धर्म में भाद्र-जात का त्यौहार, खास को भीर परिसर में फूलों के सामने सजी पूजा की थालियां और सिर पर शिव-पार्वती के जयकारों के बीच सांस्कृतिक पूजा। शुगर फैक्ट्री स्थित लव-कुश चौराहा माता मंदिर परिसर में सोमवार को हरतालिका तीज पर ऐसा ही नजारा रहा।

**सम्मान** बारिश से प्रभावित फसलों का अब तक नहीं हुआ सर्वे, किसान परेशान

# एक माह से खेतों में नुकसान का आकलन नहीं, जनसुनवाई में ज्ञापन देकर राहत राशि की मांग

डीआर संवाददाता»श्यामपुर

श्यामपुर क्षेत्र में पिछले माह हुई तेज बारिश के कारण जिले के सर्वाधिक क्षेत्रों में खरीफ फसलों को नुकसान पहुंचने के बाद भी प्रभावित फसलों का सर्वे नहीं होने से किसान परेशान हैं। किसानों का कहना है कि बारिश को एक माह से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन संबंधित राजस्व अधिकारी और कर्मचारी अभी तक खेतों में नुकसान का आकलन करने नहीं पहुंचे हैं। किसानों ने जिला प्रशासन से जल्द सर्वे कराकर सायल के नियमानुसार उचित राहत राशि दिलाने की मांग की है।

ग्राम भोजाखेड़ी के किसान राजकुमार दांगी ने बताया कि बारिश के दौरान नदी-नालों के आसपास स्थित खेतों में पानी भर गया था। इससे खेतों में खड़ी प्रारंभिक फसलें प्रभावित हुईं। फसल नुकसान की जानकारी संबंधित इलाका पटवारी को कई बार दी जा चुकी है, लेकिन अभी तक खेतों में पहुंचकर फसलों की स्थिति नहीं देखी गई। किसान के अनुसार, पटवारी से सर्वे कराने की बात करने पर वरिष्ठ अधिकारियों से सर्वे का आदेश नहीं मिलने की बात कही जा रही है।



दोराहा। खरीफ में बारिश से प्रभावित फसलों में नहीं लगी खटियाएं

### सोयाबीन में नहीं लगी फल्ली

ग्राम भोजाखेड़ी के किसान वृंदावन ने बताया कि खेत में खड़ी सोयाबीन की फसल प्रभावित हुई है। फसल में पर्याप्त फली नहीं लगी है, जिससे उत्पादन प्रभावित होने की आशंका है। किसान ने शासन से फसल का सर्वे कराकर नुकसान के अनुसार उचित राहत राशि उपलब्ध कराने की मांग की है। किसानों का कहना है कि समय पर सर्वे नहीं होने से वास्तविक नुकसान का आकलन प्रभावित हो सकता है।



दोराहा। भोजाखेड़ी में बारिश से प्रभावित फसलों का सर्वे का इंतजार करते किसान

### जनसुनवाई में किसानों ने सौंपा ज्ञापन

बारिश से प्रभावित फसलों का सर्वे कराने की मांग को लेकर गंगलवार को क्षेत्र के एक दर्जन से अधिक गांवों के किसान कलेक्ट्रेट पहुंचे। जनसुनवाई के दौरान किसानों ने प्रशासन को खराब सोयाबीन प्रभावित खेतों का जल्द सर्वे कराने और उचित राहत राशि दिलाने की मांग की। किसानों ने बताया कि बारिश के कारण कई क्षेत्रों में फसलें प्रभावित हुई हैं, इसलिए राजस्व विभाग की टीम को खेतों पर भेजकर नुकसान का आकलन कराया जाना जरूरी है।

### दर्जनों गांवों में फसल प्रभावित होने का दावा

किसानों के अनुसार, पिछले माह हुई तेज बारिश से कलरी, सीठी, इमलोद, खेड़ा दांगी, सालुखेड़ा, मेघा, पिपरी, मिठावली, सेंदड़ा, रामपुर, धरनावदी, रान डिहार, बड़ी, अमलिया दोराह, उमरदा, सुखतवी, अहमदपुर, इकतपुरा तोरी, पिपर, बरखेड़ा टोर, मानपुर, अलय सुलतानपुर, पिपरौदा, परोदाखुर्द, गंगलपुर, बैरागढ़, शाहपोरिया, खपरी, खासल और कालूखेड़ी सहित अन्य गांवों में किसानों को पकने जा रही सोयाबीन की फसल में फल्लियां नहीं लगने की शिकायत मिली है। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि सर्वे के लिए जल्द ही एक संयुक्त टीम का गठन किया जाए, ताकि नुकसान का सही आकलन हो सके और पात्र किसानों को समय पर उचित राहत मिल सके।

## छात्रों की गूंज' कार्यक्रम के लिए कांग्रेस ने बनाई रणनीति



डीआर संवाददाता» आष्टा।

इंदौर में होने वाले कांग्रेस नेता राहुल गांधी के 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम को लेकर आष्टा विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस ने तैयारियां तेज कर दी हैं। सोमवार को आयोजित बैठक में कार्यक्रम में अधिक से अधिक छात्र और युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर रणनीति बनाई गई। इसमें वाहन व्यवस्था, छात्र संपर्क, सोशल मीडिया प्रचार और रजिस्ट्रेशन सहित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई।

बैठक की अध्यक्षता पूर्व मंत्री एवं सीहोरबद्यली सदस्य कमलेश्वर पटेल ने की। उन्होंने कहा कि साहूल गांधी लगातार छात्रों और युवाओं के मुद्दों को उठाते रहे हैं। छात्रों की गूंज' कार्यक्रम छात्रों के प्रतिभाग, शिक्षा, रोजगार और लोकतंत्र से जुड़े विषयों को लेकर अपनी बात रखने का मंच है। उन्होंने आष्टा क्षेत्र से बड़ी संख्या में छात्र-युवाओं को कार्यक्रम में शामिल कराने पर जोर दिया।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष शाहीद गुलशाही ने कहा कि पेस के युवाओं की आवाज राहुल गांधी उठा रहे हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कांग्रेस कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर काम करना होगा। बैठक में सभी ब्लॉक अध्यक्षों और एनएसयूआई कार्यकर्ताओं को अपने-अपने क्षेत्रों में छात्रों से संपर्क करने तथा उन्हें इंदौर ले जाने की जिम्मेदारी दी गई।

कार्यकर्ताओं ने छात्रों के रजिस्ट्रेशन और कार्यक्रम तक पहुंचने के लिए वाहनों की व्यवस्था को लेकर भी चर्चा की। साथ ही सोशल मीडिया के माध्यम से कार्यक्रम की जानकारी अधिक से अधिक युवाओं तक पहुंचाने की योजना बनाई गई।

## सेमीफाइनल में पेनल्टी किक में गोल कर भोपाल

डीआर संवाददाता»सीहोर

गत्ता खत्ता सिंहोल से जारी स्वर्गीय कैलाश नारायण सारंग की स्मृति में खत्ता खत्ता ओवर 14 फुटबॉल प्रतियोगिता एवं प्रदेश फुटबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता में 16 टीमें भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता में सोमवार को तीन मैच खेले गए, रायसेन और बालाघाट के मध्य मैच खेला गया था। इसमें रायसेन की टीम विजेय रही और दूसरा मैच जबलपुर और सिंगरौली के मध्य खेला गया जिसमें जबलपुर ने 6-1 से जीत हासिल की और तीसरा मैच भोपाल-छतरपुर के मध्य एक रोमांचक मुकाबला खेला गया। इसमें भोपाल ने 4-1 से विजय रही।

### भोपाल पहुंचा फाइनल में

गोलंदाज सेमीफाइनल द्वितीय मिनट भोपाल के मध्य मोना राय, मैच अंतिम समय तक 0-0 की बराबरी पर रहा मैच हो गया। तोमर पेनल्टी किक द्वारा किया गया। पेनल्टी भोपाल 3-2 से विजय रही। इसके अलावा पहला मैच छतरपुर सोलह सिंगरौली के मध्य खेला गया जिसमें छतरपुर 1-0 से विजय रही छतरपुर की तरफ से अकादमी ने 1 गोल किया।

प्रतियोगिता में इसके पेज मंडल विंध्य छतरपुर से मध्य तीसरा गया जिसमें भोपाल 4-1 से विजय रही मंडल की तरफ से मैदेहे ने 2 गोल किए सिंहपुरी ने 2 गोल किए, छतरपुर की तरफ से अनुज ने 1 गोल किया प्रतियोगिता में सीहोर जिला खत्ताखाड़-खत्ताखेड़ के खत्ता खेल गया जिसमें सलीम के 3 गोल किए सुलतान ने 3 गोल किए।

खत्ता खत्ता अधिकारियों ने बताया कि खेले जाने वाले मुकाबले एलीमिनेशन के नॉकआउट आधार पर होंगे। इसमें अलग-अलग जिलों के खत्ता खेल संगठनों की टीमें भाग ले रही हैं। विजेता टीम को ट्रॉफी और नकद पुरस्कार दिया जाएगा।

## संकल्प वृद्धाश्रम में भोजन प्रसादी, भजन-कीर्तन और धार्मिक प्रवचन

डीआर संवाददाता»सीहोर



शहर के सेकड़ाखेड़ी स्थित संकल्प वृद्धाश्रम में धार्मिक एवं सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्कार मंच के तत्वावधान एवं रामकलशी विनोद रतिया ने अपने पिता स्वर्गीय रामकलश रतिया की स्मृति में वृद्धाजनों के लिए भव्य भोजन प्रसादी कराई। कार्यक्रम में वृद्धाजनों को भोजन कराया गया और उनके सुख, स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की गई।

इस अवसर पर विनोद रतिया ने कहा कि माता-पिता, गुरु और परमात्मा का हर समय सम्मान करना चाहिए। बुजुर्गों का आशीर्वाद जीवन में सकारात्मक ऊर्जा देता है। युवा पीढ़ी को अपने संस्कारों और परिवार के बुजुर्गों के प्रति जिम्मेदारियों को समझते हुए उनकी सेवा और सम्मान को जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए।

ज्योति रतिया ने कहा कि माता-पिता की सेवा सबसे बड़ा धर्म है। उनके अनुभव जीवन में मार्गदर्शन प्रदान करते हैं।

उपस्थित श्रद्धालुओं ने भोजन की गुणवत्ता, व्यवस्था और सेवाभाव की सराहना की। कार्यक्रम में भजन-कीर्तन से वृद्धाश्रम का वातावरण भक्तिमय हो गया। पंडित गणेश शर्मा, पंडित विनोदी और पंडित सुशील पाराशर ने धार्मिक प्रवचन दिए। इस दौरान अतिथियों एवं सभी का स्वागत-सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम का सम्चालन प्रसादी वितरण और सभी के सुख-समृद्धि की कामना के साथ हुआ।

## नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने नगरवासियों की सुख-समृद्धि और विकास की कामना की

डीआर संवाददाता»सीहोर



नगरवासियों की सुख-समृद्धि, खुशहाली और नगर की निरंतर प्रगति की कामना को लेकर नगर पालिका सीहोर में गणेशोत्सव का गणेशोत्सव का शुभारंभ किया गया। नगर पालिका कार्यालय परिसर में नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर, पार्षदों, अधिकारी-कर्मचारियों और श्रद्धालुओं की मौजूदगी में भगवान गणेश की प्रतिमा विधि-विधान से स्थापित की गई।

इससे पहले सोमवार को स्थानीय कलाकारों द्वारा तैयार की गई आकर्षक गणेश प्रतिमा को श्रद्धालु यात्रा समारोह के रूप में शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए नगर पालिका कार्यालय लेकर पहुंचे। इस दौरान श्रद्धालु गणपति के जयकारे लगाते रहे। जगह-जगह लोगों ने प्रतिमा का स्वागत किया, जिससे वातावरण भक्तिमय नजर आया।नगर पालिका परिसर में प्रतिमा स्थापना के बाद नगराध्यक्ष प्रिंस राठौर ने भगवान गणेश की पूजा-अर्चना कर नगर की तरक्की, विकास और नागरिकों की सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि भगवान गणेश को विघ्नहर्ता और मंगलकर्ता माना जाता है। किसी भी शुभ कार्य की शुरुआत भगवान गणेश की पूजा से करने की परंपरा रही है। उन्होंने कहा कि नगर में सुख, शांति और समृद्धि बनी रहे तथा प्रत्येक परिवार खुशहाल रहे, यही प्रार्थना है।नगर पालिका परिसर में गणेशोत्सव के दौरान प्रतिदिन सुबह नियमित आरती और पूजा-अर्चना की जाएगी।

## खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने रेस्टोरेंट, रिजॉर्ट और किराना दुकानों से लिए खाद्य पदार्थों के नमूने

डीआर संवाददाता»आष्टा



खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने सोमवार को आष्टा तहसील क्षेत्र में विभिन्न रेस्टोरेंट, रिजॉर्ट और किराना प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान नाना घर रिजॉर्ट में उपलोग किए जा रहे पापड़ की समाप्ति तिथि निकल चुकी थी, जबकि वाशल में पीठे पाए गए। टीम ने संबंधित संचालक को आवश्यक निर्देश दिए।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी ज्योति बंसल ने बताया कि जांच के दौरान नपु मनोज रेस्टोरेंट से मावेकेजर और कचौड़ी के नमूने लिए गए। नाना घर रिजॉर्ट से पावल और पापड़ के नमूने संग्रहित किए गए। इसके अलावा राधा रानी रिजॉर्ट से दाल और चावल के नमूने तथा ओम शिवम किराना एवं जनरल स्टोर से रोस्टेड चने का नमूना लिया गया।

विभाग के अनुसार सभी नमूनों को जांच के लिए राजकीय खाद्य प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। प्रयोगशाला से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के प्रावधानों के तहत आगे की कार्रवाई की जाएगी। विभाग ने खाद्य कारोबारियों को खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, स्वच्छता और निर्धारित मानकों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए

**सेवा संकल्प** 17 सितंबर से शुरू होगा 'सेवा संकल्प अभियान, महीनेभर होंगी सेवा और संवाद कार्यक्रम

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्ष के सार्वजनिक जीवन की उपलब्धियां जन-जन तक पहुंचाने की तैयारी

डीआर संवाददाता»सीहोर




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन और जनसेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भाजपा मण्डलदेश द्वारा 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक 'सेवा संकल्प अभियान' चलाया जाएगा। अभियान के तहत प्रदेशभर में सेवा, सुशासन, संवाद और जनभागीदारी से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में सयुक्त जिला मंत्री राम उदयप्रताप सिंह ने अभियान की जानकारी दी।

मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 25 वर्षों का सार्वजनिक जीवन सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण और राष्ट्र निर्माण को समर्पित रहा है। 7 अक्टूबर 2001 से मुख्यमंत्री और 26 मई 2014 से प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने देश की सेवा की है।

अभियान के माध्यम से उनकी सेवा यात्रा को जन-जन तक पहुंचाने के साथ विकसित भारत-2047 के संकल्प को जनभागीदारी से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छता अभियान, सामाजिक सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य और आर्थिक विकास के क्षेत्र में विभिन्न योजनाओं से लोगों को लाभ मिला है। आदिवासी महामारी के दौरान देशवासियों को निःशुल्क वैक्सीन उपलब्ध कराना भी महत्वपूर्ण उपलब्धि रही।

### 17 सितंबर को सेवा दिवस

मंत्री ने बताया कि 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर प्रदेश में 'सेवा दिवस' मनाया जाएगा। इस दौरान रक्तदान शिविर सहित विभिन्न सेवा गतिविधियां होंगी। शाम 7 बजे प्रदेश के सभी बूथों पर 'आदीवाद का दीपक' कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

इसमें परिवार दीप प्रज्वलित कर प्रधानमंत्री की जनसेवा के प्रति आभार व्यक्त करेंगे और विकसित भारत-2047 के संकल्प में सहभागी बनेंगे।

पत्रकार वार्ता में भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, जिला प्रभारी विकास तिवारी, विधायक गोपाल इंजीनियर, सांसद मालवीय, पंकज गुप्ता, जितेंद्र मौर्य और प्रितेश सतीर मौजूद रहे।

### कन्या शिक्षा परिसर मे मनाया गणेश उत्सव

डीआर संवाददाता»सीहोर

नगर सरकी आजादीन कन्या शिक्षा परिसर सीहोर में सूर्या फाउंडेशन द्वारा संचालित विद्यालय में गणेश उत्सव बड़े हर्षोल्लास, श्रद्धा व भक्तिभाव के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभमनगान श्री गणेश की प्रतिमा स्थापना व विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ किया गया।

गणेश उत्सव के अवसर पर विद्यालय की बालिकाओं ने गणेश वंदना, भजन, गीत व विभिन्न मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां प्रस्तुत कर उपस्थित जनों का मन मोह लिया। बालिकाओं की प्रस्तुतियों से विद्यालय परिसर में उत्साह और भक्ति का वातावरण बना रहा। वहीं गणपति बप्पा के जयकारों से पूरा विद्यालय परिसर गूंज उठा।

कार्यक्रम के दौरान छात्राओं व शिक्षकों ने भगवान श्री गणेश की आरती कर सुख-समृद्धि, शांति व विद्यालय की उन्नति की कामना की। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक सतीश शर्मा, प्रधानाचार्य डा. विनीत गाबा, प्रशासक अशोक तिवारी, उप प्रबंधक संदीप मौर्य सहित समस्त शिक्षकगण व विद्यालय परिवार उपस्थित रहा। कार्यक्रम का सम्चालन भगवान श्री गणेश की आरती व प्रसाद वितरण के साथ हुआ। उल्लेखनीय है कि सूर्या फाउंडेशन द्वारा संचालित सभी स्कूलों में श्री गणेश उत्सव मनाया जा रहा है

# डीआर विदिशा

गंजबासौदा, कुरवाई, सिरोंज, लटेरी, नटेरन, शमशाबाद, म्यारसपुर, गुलाबगंज, पठारी, सेउ भाद्रपद शुक्ल पक्ष-05 -2083 विदिशा,दिन मंगवार,दिनांक,15सितंबर 2026


## न्यूज गैलरी

### निःशुल्क नेत्र शिविर 16 सितंबर को लगेगा

विदिशा। सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय बैरागढ़ एवं रोटरी सेंटर विदिशा के सहयोग से 16 सितंबर को निःशुल्क नेत्र जांच एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर लगाया जाएगा। शिविर शासकीनगर स्थित वर्मा हॉस्पिटल के सामने सेवा सदन नेत्र जांच केंद्र पर सुबह 9 से दोपहर 1 बजे तक लगेगा। इसमें मरीजों की आंखों की जांच निःशुल्क की जाएगी। मोतियाबिंद पाए जाने पर मरीजों को सेवा सदन अस्पताल की एंबुलेंस से ले जाकर निःशुल्क ऑपरेशन कराया जाएगा। मरीजों के आने-जाने, भोजन और दवाइयों की व्यवस्था भी निःशुल्क रहेगी। नवीन आधार कार्ड, पहचान पत्र की फोटो कॉपी और मोबाइल नंबर साथ लाएं। रोटरी सेंटर अध्यक्ष रोटे. रविंद्र जैन व सचिव अंकित साहू ने शिविर का लाभ लेने की अपील की है।

### 138 समूहों ने बनाए 2 .36 लाख पौधे

विदिशा। सेवा संकल्प अभियान का शुभारंभ 17 सितंबर को शाम 7 बजे ब्रह्मोदयगंज पर दिया कार्यक्रम से होगा। अभियान के तहत जिले के 135 स्व-सहायता समूहों ने गोबर और मिट्टी से 2 लाख 86 हजार 987 दीपक तैयार किए हैं। इनमें 70 हजार 761 गोबर और 2 लाख 26 हजार 226 मिट्टी के दीपक शामिल हैं। पिछले दो सालों विकासखंडों में दीपक तैयार किए गए। म्यारसपुर के 30 समूहों ने सर्वाधिक 94 हजार 385, कुरवाई के 25 समूहों ने 59 हजार 403 और विदिशा के 24 समूहों ने 51 हजार 772 दीपक बनाए। कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशन में तैयारियां की गई हैं।

### आजीविका गतिविधियों से 47201 हितग्राही को लाभ

विदिशा। मा राज्य सामीण आजीविका मिशन के तहत जिले के सातों विकासखंडों में 47201 हितग्राही लाभान्वित हुए हैं। स्व-सहायता समूहों के सदस्यों को बैंक ऋण सहित अन्य वित्तीय सहयोग देकर रोजगार और आय बढ़ाने के अवसर दिए जा रहे हैं। विदिशा विकासखंड में सर्वाधिक 8 हजार 406 हितग्राही लाभान्वित हुए हैं। लटेरी में 7 हजार 239, म्यारसपुर में 7 हजार 131, नटेरन में 6 हजार 406, सिरोंज में 6 हजार 436, बासौदा में 6 हजार 139 और कुरवाई में 5 हजार 396 हितग्राही गतिविधियों से जुड़े हैं।

### सोलर प्लेट्स तोड़कर एल्यूमीनियम किया चोरी

विदिशा। पन्नी बीनने वाली महिलाओं द्वारा सोलर प्लेट्स को तोड़कर एल्यूमीनियम चोरी करने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें महिलाएं सोलर प्लेटों को चाकरों से तोड़ रही हैं। बताया जा रहा है कि सामग्री 8न महिलाओं द्वारा चोरी की गई थी। ग्रामवासियों सोलर के संचालक नवीन कोठारी ने बताया कि उनके यहां से करीब 50 से 60 हजार रुपए की सामग्री चोरी की गई है। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई और चोरी करने वाली महिलाओं को पकड़ लिया।

### अवैध शराब बेचते हुए दो आरोपी गिरफ्तार

नटेरन। पुलिस ने अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को पकड़ा और कुल 10,620 मीटर अवैध शराब जब्त की। पहली कार्रवाई फतेहपुर श्यामसी चौराहे से प्रेमसिंह बंजारा (32 वर्ष) को पकड़ा गया। इसके पास से 8,460 मीटर अवैध बिक्री की 2,280 मीटर बरामद हुए।

## झांकियों में भव्य प्रतिमाओं के साथ घर-घर हुई स्थापना, प्राचीन मंदिरों में उमड़ी भीड़

# गणेशोत्सव: शहर में 100 से अधिक जगह सजी झांकियां, वात्सल्य में भव्य शुभारंभ

**गणेश चतुर्थी पर सोमवार को शहर गणपति भक्ति में डूबा रहा। विभिन्न जगह करीब 100 स्थानों पर छोटी-बड़ी झांकियां सजाई गई और कई जगह भव्य प्रतिमाओं की स्थापना हुई। घरों में भी विधि-विधान से गणेशजी की पूजा कर स्थापना की गई। बाजार में सुबह से शाम तक खरीदारी के लिए भीड़ रही। सड़कें खराब होने का असर गणेश प्रतिमाओं के आवागमन पर भी दिखा। कई जगह यातायात धीमा और वाहन फंसते रहे।**

ईशा संवाददाता ■ विदिशा

### रथ पर सवार होकर पहुंचे गणपति बप्पा





गणेशोत्सव के पहले दिन से ही शहर के प्राचीन सिद्धिविनायक मंदिर, पुराने गल्लामंडी स्थित गणपति मंदिर और बाल वाले गणेश मंदिर में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। शाम होते ही इन मंदिरों और आसपास के इलाकों में उत्सव का रंग और गहरा गया।

इधर वात्सल्य विद्यालय में सोमवार को गणपति महोत्सव की शुरुआत भगवान गणेश की भव्य शोभायात्रा और प्रतिमा स्थापना के साथ हुई। गणेश प्रतिमा को रथ पर सवार कर पांडाल तक लाया गया। ढोल-ताशों, झांकी-मंजीरों और जीराताशपाणि वाद्ययंत्रों की धुन पर विद्यार्थी उत्साह से झूमते नजर आए। पारंपरिक वेशभूषा में सजे छात्र-छात्राओं ने भजन प्रस्तुतियां दीं। गणपति बप्पा मोरया के जयघोष से पूरा परिसर गूंज उठा।

महोत्सव में छोटे बच्चों ने भगवान गणेश के वाहन मूषक की थीम पर आकर्षक सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किया। हाथी में मूषक के कटाछाट तेवर बच्चों की प्रस्तुति ने सभी का ध्यान खींचा। इसके बाद विद्यालय संगीतज्ञ और डिवी-विधान से गणेश प्रतिमा की स्थापना की गई। स्थापना विद्यालय प्रमुख देवना अरोरा, नयना अरोरा, प्रमोद कोहली, रुचिरा अरोरा और राजेश शर्मा ने की।

झांकियों में दिखेंगे सामाजिक संदेश: गणेश महोत्सव के दौरान विद्यार्थियों के लिए आयोजकता कार्यशालाएं और विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इनमें सामाजिक और व्यावहारिक सूझ को झांकियों के माध्यम से प्रस्तुत किया जाएगा।

भगवान गणेश को बुद्धि और विवेक के प्रतीक के रूप में प्रस्तुत करते हुए छात्रों को आस्था के साथ आत्मनिष्ठ मूल्यों से जोड़ने का प्रयास किया गया। इस अवसर पर्यावरण की थीम राष्ट्रीय पक्षी मोर पर आधारित है। इसी अनुक्रम विद्यार्थियों की वेशभूषा और पांडाल की सजावट तैयार की गई है। सजावट में अभिकांश स्वमाही

### मूषक थीम पर बच्चों ने किया नृत्य, मोर थीम पर सजीं झांकियां

शिक्षकों और शिक्षार्थियों ने स्वयं हस्तकला के जरिए तैयार की है। स्थूल सायंकालर देवना अरोरा ने बताए कि आयोजन का उद्देश्य बच्चों को केवल धार्मिक गतिविधियों से जोड़ना नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, आत्मविश्वास और सामूहिक मेलजोल से परिचित कराना है। परमपूज्य गुरुदेव ने भी विद्यालय परिवार और विद्यार्थियों को गणेश उत्सव के लिए आशीर्वाद दिया। देवना अरोरा ने आभार व्यक्त किया।

## हम्माल को गोली मारने के विरोध में रैली, कार्रवाई की मांग



ईशा संवाददाता ■ सिरोंज

सोमवार को सिरोंज विधायक उमाकांत शर्मा ने भी पीड़ित परिवार से मुलाकात कर इस संवेदनशील मामले में हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। वहीं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा अटेरिया ने परिवार से मिलने के बाद कहा कि शीघ्र सजा की अदालत से मांग की जाएगी। उन्होंने आरोप लगाया कि 8 सितंबर की घटना के बाद समय पर कार्रवाई होती तो गोलीबारी की घटना रोकी जा सकती थी। वहीं भाजपा ने अटेरिया समाज, सिख हिंदू पंचायत और नगरीय जन ने रैली निकालकर आरोपी पर सख्त कार्रवाई और आरोप एक की मांग की। विधायक ने गोली से जुड़े लोगों द्वारा राजधानी की संदिग्ध कोशिश की भी जांच की मांग की।

सिरोंज मंडी में उम्मान विक्रम अटियारा को गोली मारने की घटना के दो दिन बाद सोमवार को पीड़ित सेल को गया। मृतक जिला पुलिस अधीक्षक सहित कलाकारी सिरोंज पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण किया और इसके बाद विक्रम के घर पाकर परिवार से मुलाकात की। ने परिवार को सुरक्षा का भरोसा देते हुए आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया।

12 सितंबर की रात मंडी में विक्रम अटियारा को आमिर साहिबा ने सिरोंज से गोली सरकार घायल कर दिया था। पुलिस ने 13 सितंबर को आरोपी को गिरफ्तार किया था। घटना के बाद शेर में तनाव की स्थिति बनी हुई है।

## गणेश चतुर्थी पर जवाहर नवोदय विद्यालय में गणेश प्रतिमा की स्थापना



इंदौर संवाददाता ■ रामठाकुर

"रामठाकुर।" पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, रामठाकुर, जिला विदिशा में गणेश चतुर्थी के अवसर पर विघनहर्ता भगवान गणेश की प्रतिमा की विधिवत स्थापना की गई। विद्यालय के विद्यार्थियों ने श्रद्धापूर्वक पूजा-अर्चना और गणेश स्तुति कर भगवान गणेश का आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य नितेंद्र कुमार ने कहा कि भारतीय सांस्कृतिक विरासत में प्रत्येक त्योहार का अपना विशेष महत्व है। त्योहार हमारी परंपराओं, संस्कृति और सामाजिक एकता को मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति और परंपराओं को समझने का अवसर प्रदान करते हैं।

यहां बताए जाने वाले प्रत्येक उत्सव के पीछे ऐतिहासिक, वैज्ञानिक और धार्मिक महत्व जुड़ा हुआ है। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति और परंपराओं को समझने का अवसर प्रदान करते हैं।

## लकड़ी की बत्तियों पर दौड़ रही 11 केवी लाइन

जली झुटूंखने के पास कर रही है, लेकिन खाल कवर में बिजली निकाय की लापरवाही सामीनों की जान पर भारी पड़ सकती है। वहां वहीं तक बिजली पहुंचाने वाली केवटों लोहे या सीमेंट के खंभों के बजाय पेड़ों की खाटियों और टहनियों के सहारे दौड़ रही है। बारिश और तेज हवा में पेड़ों में करंट उतरने का खतरा बना रहता है। सबसे गंभीर स्थिति 11 केवी लाई-पोलटोल लाइन की है। स्व-सहायता समूहों के सदस्यों को बैंक ऋण सहित अन्य वित्तीय सहयोग देकर रोजगार और आय बढ़ाने के अवसर दिए जा रहे हैं। विदिशा विकासखंड में सर्वाधिक 8 हजार 406 हितग्राही लाभान्वित हुए हैं। लटेरी में 7 हजार 239, म्यारसपुर में 7 हजार 131, नटेरन में 6 हजार 406, सिरोंज में 6 हजार 436, बासौदा में 6 हजार 139 और कुरवाई में 5 हजार 396 हितग्राही गतिविधियों से जुड़े हैं।

## अस्पताल के गेट पर महिला ने दिया बच्ची को जन्म, नर्सिंग स्टाफ को नोटिस

ईशा संवाददाता ■ सिरोंज



जिले के जलालपुर व्यवस्था केंद्र में रविवार रात व्यवस्था व्यवस्था की लापरवाही का मामला सामने आया। गलवाना निवासी भारती प्रसव पीड़ा के बाद परिजनों के साथ रात करीब 8ण30 बजे एकुलेंस से स्वास्थ्य केंद्र पहुंचीं। अस्पताल के मुख्य गेट पर ताला लगा था। परिजनों ने गेट खुलवाने का प्रयास किया, लेकिन चौकीदार ने गेट नहीं खोला। ग्रामीणों ने चढ़ाने के बाद गेट खोला गया।

गेट खुलने के बाद भी अस्पताल में प्रसव कराने के लिए डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ मौजूद नहीं था। इसी दौरान महिला ने अस्पताल के गेट पर ही बच्ची को जन्म दे दिया। घटना के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने व्यवस्था जिला की व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए 181 पर शिकायत की। इसके बाद सीएमएचओ को एंबुलेंस से विदिशा जिला अस्पताल भेजा गया।

डॉक्टरों का कहना है कि स्वास्थ्य केंद्र में नियमित रूप से डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ उपलब्ध नहीं रहता। मामले में सीएमएचओ डॉ. रामवीर कुमार ने बीएमओ को जांच के निर्देश दिए हैं। प्रारंभिक कार्रवाई के तहत नर्सिंग स्टाफ को नोटिस जारी किए गए हैं। दोषी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की बात कही गई है।

## नशे की आशंका के बीच 22 वर्षीय युवक की मौत, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार

शेखर संवाददाता ■ विदिशा




लता पी और परिवार उसे इससे बाहर निकालने का प्रयास कर रहा था।

उसे नशा छोड़ने के लिए भोपाल की एक महिला डॉक्टर से दवा भी दिलाई गई थी। स्थानीय सहयोगियों का आरोप है कि लड़ा एजेंसी के आसपास कुछ युवक इंजेक्शन सहित अन्य नशीले पदार्थों का सेवन करते हैं। लोगों ने डॉक्टर से नशे की बिक्री पर भी रोक लगाई है। उनका कहना है कि कुछ दिन पहले भी इंजेक्शन के नशे से एक युवक की मौत हुई थी। गोलू तीन भाइयों में सबसे छोटा था। उसकी शादी तय हो चुकी थी। कोतवाली थाना प्रभारी आनंद राज ने बताया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का वास्तविक कारण स्पष्ट होगा।

## होटल एवं रेस्टोरेंटों में खाद्य सुरक्षा मानकों की जांच, सोयाबीन तेल का नमूना लिया

शेखर संवाददाता ■ विदिशा



कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशन में जिले में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए खाद्य प्रतिष्ठानों के निरीक्षण की कार्रवाई निरंतर जारी है। इसी क्रम में रविवार को जिले के खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा विदिशा शहर के विभिन्न होटल एवं रेस्टोरेंटों का निरीक्षण किया गया।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने कृष्णा स्वीट्स एवं रेस्टोरेंट, सैफरन रेस्टोरेंट, हाउ मोहल्ला होटल एवं रिवर साइड मैजी सहित विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठानों में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, स्वच्छता व्यवस्था, खाद्य सामग्री के सुरक्षित भंडारण, खाद्य अनुज्ञप्ति तथा खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के प्रावधानों के पालन की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने प्रतिष्ठान संचालकों को खाद्य पदार्थों के रख-रखाव एवं निर्माण में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने, खाद्य सामग्री का सुरक्षित भंडारण सुनिश्चित करने तथा खाद्य सुरक्षा संबंधी निर्धारित मानकों का पालन करने के निर्देश दिए। साथ ही उपभोक्ताओं को सुरक्षित, स्वच्छ एवं गुणवत्तायुक्त खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक सावधानियां बरतने को कहा गया। कृष्णा स्वीट्स एंड रेस्टोरेंट से सोयाबीन तेल का नमूना लिया गया, जिसे गुणवत्ता परीक्षण के लिए प्रयोगशाला भेजे जाने की कार्रवाई की जा रही है। प्रयोगशाला से प्राप्त जांच रिपोर्ट के आधार पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के प्रावधानों के तहत नियमानुसार आगामी कार्रवाई की जाएगी।

## दिया संदेश प्रतिभा विकास संस्थान में निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं को किया पुरस्कृत

## छात्र-छात्राओं ने हिंदी के प्रति प्रेम और सम्मान से जुड़े गीत, कविताएं और भाषण प्रस्तुत किए

शेखर संवाददाता ■ विदिशा



प्रतिभा विकास संस्थान में रविवार को राजभाषा हिंदी दिवस कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत वेद मंत्रों के साथ हुई। संस्थान के छात्र-छात्राओं ने हिंदी के प्रति प्रेम और सम्मान से जुड़े गीत, कविताएं और भाषण प्रस्तुत किए।

विद्यार्थियों ने सहितनको हिंदी से प्यार नहीं, यह वीरा हिंदुस्तानी हैं जैसे गीतों से हिंदी के महत्व का संदेश दिया। इस दौरान निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं को अतिथियों ने पुरस्कार प्रदान किए। मुख्य अतिथि शिक्षाविद् जगन्नाथन जार्ज ने कहा कि जरूरतमंद विद्यार्थियों को निःशुल्क शिक्षा देकर प्रतिभा विकास संस्थान ऐतिहासिक कार्य कर रहा है। हिंदी सरल और सहज भाषा है, इसलिए मातृभाषा को व्यवहार में अपनाना चाहिए।

उन्होंने विद्यार्थियों को गुरु का सम्मान करने और माता-पिता की जीवनभर में सेवा करने की सीख दी। साहित्यकार गोकलेन राजोरिया ने कहा कि अपनी भाषा के प्रति सम्मान जरूरी है। सभी को हिंदी में विजेताओं को अतिथियों ने पुरस्कार प्रदान किए।

### हस्ताक्षर करने और मौलिक गीत-कविताएं लिखने का प्रयास करना चाहिए।

संस्था अध्यक्ष दिनेश बाजपेयी ने विद्यार्थियों से हिंदी में अधिकाधिक करने और दैनिक व्यवहार में हिंदी को अपनाने की अपील की। एंकर सेंटर के सांयोजक आशीष श्रीवास्तव ने निःशुल्क शिक्षा का लाभ लेकर आगे बढ़ने और दूसरों के काम आने की बात कही।

विशेष अतिथि अशुल रतनसी शाह मौजूद रहे। संचालन छात्रा वंदना अहिरवार ने किया।

## बरेठरोड पर ट्रक की टक्कर से स्ट्रीट पोल टूटा

ईशा संवाददाता ■ गंजबासौदा



गंजबासौदा में रविवार रात बरेठ रोड पर तेज रफ्तार ट्रक ने विश्वकर्मा के बीच लगे स्ट्रीट पोल को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ऊंचा पोल टूटकर सड़क के बीचों-बीच गिर गया। कुछ समय के लिए मार्ग पर वाहनों की आवाजाही प्रभावित रही।

पोल गिरने के समय सड़क पर कोई वाहन नहीं होने से बड़ा हादसा टल गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि पोल किसी दोपहिया वाहन या राहगीर पर गिरता तो गंभीर दुर्घटना हो सकती थी।

बताया गया कि नगर पालिका ने सड़क चौड़ीकरण के बाद यातायात को व्यवस्थित करने के लिए डिवाइडर बनाया था। कुछ दिन पहले ही डिवाइडर पर आकर्षक स्ट्रीट लाइटें और बड़े फूल लगाए गए थे। इसी दौरान ट्रक की टक्कर से एक पोल क्षतिग्रस्त हो गया।

हादसे के बाद पोल काफी देर तक सड़क पर पड़ा रहा। स्थानीय लोगों ने एकजुट होकर उसे उठाकर सड़क किनारे किया, जिसके बाद यातायात सामान्य हो सका। टक्कर के बाद ट्रक चालक मौके से निकल गया।

डिजीटल अखबार

# डीआर राजगढ़

05

नरसिंगढ़, ब्यावरा, कुरावर, करनवास, सारंगपुर, जीरापुर, खिलचीपुर, छापीहेड़ा, तलेन

भाद्रपद शुक्ल पक्षा-05 -2083 राजगढ़, दिन मंगलवार,दिनांक 05सितंबर 2026

**न्यूज गैलरी**

### तीज पर महिलाओं ने व्रत रखकर की पूजा-अर्चना

झाड़ला। सहित आसपास के सुनवा, पलासी, अंबाली, सिंदनी और पाहलिया सोढ़ी गांवों में महिलाओं ने हरितालिका तीज पर निर्जला व्रत रखकर भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा-अर्चना की। महिलाओं ने सोलह शृंगार कर शीतला मंदिर में एकत्र होकर व्रत की कथा सुनी और सामूहिक रूप से पूजन किया। इस दौरान महिलाओं ने झांकी भी सजाई। हरतालिका तीज पर महिलाओं ने पति की लंबी आयु, सुखी वैवाहिक जीवन और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। यहीं अविवाहित युवतियों ने अच्छे जीवनसाथी की कामना से व्रत रखा। मान्यता है कि व्रत करने से भगवान शिव को पति रूप में पाने के लिए कठोर तपस्या की थी, इसलिए यह व्रत सुख, संयम और समर्पण का प्रतीक माना जाता है।0

### नरसिंहगढ़ में आज लगेगा बिजली समाधान शिविर

नरसिंहगढ़। विद्युत विभाग की ओर से संचालित अभियान-2026 के तहत संभागस्तरीय जर्जर 33 एवं 11 के उपभोक्ताओं के लिए सामुदायिक भवन, होली सोसन के सामने वाली गली, शिवाक कॉलोनी में शिविर लगाया जाएगा। शिविर में बिजली से जुड़ी सभी सेवाएं मौके पर ही उपलब्ध कराई जाएगी। शिविर में गया कनेक्शन, भार परिवर्तन, अस्थाई कनेक्शन, नाम व श्रेणी परिवर्तन, स्थाई विच्छेदन, ई-केवाईसी, अनधिकृत प्रयोग पत्र, गलत मिल, खंडित मिल, बंद व खराब मीटर, तेज चलने वाले मीटर, रपटते मीटर, क्षतिग्रस्त केबल, पोल, डीपी/बॉक्स, ट्रिपिंग, ट्रांसफार्मर व मीटर रीडिंग सहित सुधारीकरण बिल व अधिक भुगतान जैसी शिकायतों का निराकरण होगा।

### बघासल कुत्ते ने 6 लोगों को काटा, बछड़े को भी नोचा

छापीहेड़ा। नगर में सोमवार दोपहर पागल कुत्ते ने अलग-अलग स्थानों पर छह लोगों को काटकर घायल कर दिया। कुत्ता दिनभर नगर में इधर-उधर घूमता रहा और उसने एक गाय के बछड़े को भी नोचकर घायल कर दिया। सूचना मिलने पर नगर परिषद के सफाई कर्मचारियों ने कुत्ते की तलाश शुरू की। काफी मशक्कत के बाद कुत्ता जाटमंडी रोड पर मिला, जहां उसे मार दिया गया। कुत्ते के हमले में घायल बंटी चौहान (40), ओम नारायण कलवार (32), रमजान खान (55), विक्रम सनर्वे (42), विष्णु दांगी (27) और अक्षय दांगी (13) को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया।

### कोरखेड़ा जागीर में 10 लाख की सीसी सड़क

झाकला। नरसिंहगढ़ विधानसभा क्षेत्र की कोरखेड़ा जागीर पंचायत में करीब 10 लाख रुपए की लागत से सीसी रोड का निर्माण होगा। सोमवार को विधायक मोहन सनर्वे ने सड़क निर्माण के लिए निर्धारित भूमि पूजन किया। सड़क बनने से ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलने के साथ बारिश के दिनों में होने वाली परेशानी से राहत मिलने की उम्मीद है।

### छात्रों की सूंज कार्यक्रम के लिए छात्रों का पंजीयन

ब्यावरा। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के इंदौर में 19 सितंबर को आयोजित होने वाले छात्रों की गूंज कार्यक्रम को लेकर एनएसयूआई की टीम ने ब्यावर, सुतालिया और मलयर में छात्रों के पंजीयन के लिए अभियान चलाया है। एनएसयूआई विधानसभा अध्यक्ष ईश्वर सूजोन ने बताया कि कार्यक्रम में अधिक छात्र शामिल हों, इसके लिए संपर्क और पंजीयन अभियान में जुटे हैं।

**तालाब फुल** ऑपरेशन चक्षु 360 का बड़ा वार, 250 कैमरों ने खोल दिया चोरी का खोल

# सूने मकानों को खंगालने वाले गिरोह के 3 सदस्य गिरफ्तार, 11 वारदातों का खुलासा

डीआर संवाददाता ■ राजगढ़



शहर में रात के अंधेरे में सूने मकानों के ताले तोड़कर जेवर-नकदी उड़ाने वाले चोर आखिरकार पुलिस की नजर से बच नहीं सके। चोरी की वारदातों पर लगाम लगाने के लिए बिछाए गए ऑपरेशन चक्षु 360 के सीसीटीवी नेटवर्क ने उनकी हरकतों की कहानियां जोड़ दीं। सारंगपुर पुलिस ने करीब 250 कैमरों की फुटेज खंगालकर गिरोह के तीन सदस्यों को दबोच लिया। पूछताछ के बाद पुलिस ने 11 चोरी के मामलों का खुलासा करते हुए करीब 4 लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवरात, नकदी और 4 मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। आरोपियों ने तीन अन्य मोटरसाइकिलें चोरी करना भी स्वीकार किया है।

### एक के बाद एक वारदात पुलिस ने कसा शिकंजा

जुलाई-अगस्त के दौरान सूने मकानों, दुकानों और अन्य स्थानों पर चोरी की घटनाओं से पुलिस के सामने चुनौती बन गई थी। बाकलगढ़, भाटरा गांव, सोनीपुर की कॉलोनी, पाठशाला रोड, रेलवे आवास कॉलोनी सहित अन्य स्थानों पर ताले टूटे। कहीं जेवर-नकदी चोरी हुई तो कहीं मोटरसाइकिलें गायब हुईं। वारदातों का सिलसिला बढ़ने के बाद पुलिस ने इसे गंभीरता से लेते हुए विशेष टीम बनाई और चोरी के खिलाफ शिकंजा कसना शुरू किया।

### कैमरे बने चोरों की सबसे बड़ी मुसीबत

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी अमित उर्फ गोलू पूर्व में अलीराे की तेहरी जेल में लंबी अवधि की सजा काट चुके हैं। इससे पुलिस अब गिरोह के पुराने आपराधिक नेटवर्क और अन्य संभावित वारदातों से जुड़ने संबंधी की भी जांच कर रही है। पुलिस टीम को मिला विशेष अभिवारियों का मार्गदर्शन

कार्यवाई पुलिस अधीक्षक राजगढ़ अमित तोलानी (भापुसे) के मार्गदर्शन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्ष केंद्रीय संभाग के निर्देशन एवं एसडीओपी सारंगपुर जरविंद सिंह के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी के नेतृत्व में तथा निरीक्षक गोविंद मीना, एसि दीपक परमार, एसि राहुल सेठ, स एसि आनंदीलाल मिलावा, राम मैसाना दांगी, सुरेश मेवाड़ा तरणेंद्र विश्वकर्मा, अमित रघुवंशी बनवारी पुलिस लाइन रघुवीर सिंह मेवाड़ा, लोकेश परमार सहित सारंगपुर एवं जीरापेड़न थाना पुलिस के अधिकारियों और कर्मचारियों का कार्यवाई में योगदान रहा।

### तीन आरोपी गिरफ्तार चोरी का माल बरामद पुलिस ने कपिल उर्फ गोलू कंजर

पिता भगवान सिंह, दीपू तंवर पिता शुकमसिंह और घनश्याम कंजर पिता बाबूलाल, तीनों निवासी देवड़ा, थाना सुंदरसी, जिला राजगढ़ को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर सोने-चांदी के आभूषण, चांदी की पायल, नकदी और मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। जांच में यह भी सामने आया कि आरोपियों ने अन्य तीन मोटरसाइकिलें चोरी करना स्वीकार किया है, जो उनके साथी के कब्जे में होना बताया गया है। पुलिस अब इन वाहनों की बरामदगी के साथ गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका भी तलाश रही है।

### पुराने अपराध का रिकॉर्ड भी सामने आया

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार तीनों आरोपियों के खिलाफ पहले भी चोरी, लूट और गंभीर अपराध में मामले दर्ज हो चुके हैं। इससे पुलिस को उनके पुराने आपराधिक नेटवर्क और अन्य संभावित वारदातों से जुड़ने संबंधी की भी जांच कर रही है। पुलिस टीम को मिला विशेष अभिवारियों का मार्गदर्शन

कार्यवाई पुलिस अधीक्षक राजगढ़ अमित तोलानी (भापुसे) के मार्गदर्शन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्ष केंद्रीय संभाग के निर्देशन एवं एसडीओपी सारंगपुर जरविंद सिंह के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी के नेतृत्व में तथा निरीक्षक गोविंद मीना, एसि दीपक परमार, एसि राहुल सेठ, स एसि आनंदीलाल मिलावा, राम मैसाना दांगी, सुरेश मेवाड़ा तरणेंद्र विश्वकर्मा, अमित रघुवंशी बनवारी पुलिस लाइन रघुवीर सिंह मेवाड़ा एवं सारंगपुर एवं जीरापेड़न थाना पुलिस के अधिकारियों और कर्मचारियों का कार्यवाई में योगदान रहा।

## बरखोड़ा में दिनदहाड़े सूने घर का ताला तोड़कर चोरी

**पलंग पेटी से करीब 3 लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवर चोरी, मौके पर मिली पपलाव फिंगरप्रिंट**



डीआर संवाददाता ■ ब्यावरा

ब्यावरा के बरखोड़ा गांव में सोमवार शाम करीब 4 बजे चोरों ने सूने घर को निशाना बनाकर करीब 3 लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवर चोरी कर लिए। वारदात शांताबा पिता प्रेमनारायण यादव के सड़क किनारे स्थित मकान में हुई। घटना के समय परिवार के सभी सदस्य किसी काम से गांव के अंदर गए थे।

परिजनों के अनुसार चोर पीछे दरवाजे का ताला तोड़कर घर में घुसे। इसके बाद पलंग पेटी का ताला तोड़कर उसमें रखे मंगलसूत्र, सोने का लॉकेट, चांदी की पायल सहित अन्य जेवर निकाल ले गए। बाहर दुकान में रखा सामान भी उलटा-पलटा मिला।

परिवार के सदस्य वापस लौटे तो मुख्य दरवाजे का ताला टूटा मिला। अंदर सामान बिखरा होने पर उन्होंने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस को चोरी की एक चप्पल मिली। फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट ने दरवाजे, पलंग पेटी सहित अन्य स्थानों से सबूत जुटाए।

थाना प्रभारी शिवचरण सिंह चौहान ने बताया कि घटनास्थल से मिले सबूतों और अन्य सुरागों के आधार पर आरोपियों की पहचान का प्रयास किया जा रहा है। मामले की जांच जारी है।

## दूध विक्रेताओं और किसानों ने अपनी मांगों को लेकर मंगलवार से हड़ताल शुरू

डीआर संवाददाता ■ राजगढ़



जिले के खिलचीपुर क्षेत्र में दूध विक्रेताओं और किसानों ने अपनी मांगों को लेकर मंगलवार से हड़ताल शुरू करने का ऐलान किया है। सोमवार को नाहरगढ़ मंदिर में दूध व्यवसायियों और किसानों की बैठक हुई। इसके बाद रेती निकायाकर एसडीएम कार्यालय में ज्ञापन सौंपा गया। संगठन के सदस्यों ने खिलचीपुर थाने पहुंचकर थाना प्रभारी कमल सिंह गहलोत को भी ज्ञापन दिया।

दूध संगठन से जुड़े किसान ठाकरन सिंह सिसौदे के अनुसार वर्तमान में किसानों को करीब 9 रुपए फैट और 40 से 50 रुपए प्रति लीटर दूध का भाव मिल रहा है। संगठन की मांग है कि फैट का भाव बढ़ाकर 12 रुपए किया जाए। इसके अलावा भैंस के दूध का कलार भाव 110 रुपए और गाय के दूध का 80 रुपए प्रति लीटर किया जाए।

संगठन ने मंगलवार से खिलचीपुर नगर में दूध की बिक्री और सफाई बंद रखने का निर्णय लिया है। यदि आंदोलन का समर्थन नहीं करने वाले किसानों पर जुर्माना लगाने की चेतावनी भी दी गई है।

थाना प्रभारी ने आंदोलनकारियों से शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांग रखने की अपील की। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी के साथ मारपीट, जबरदस्ती या नुकसान किया गया तो कानून के तहत कार्रवाई की जाएगी।

## जोरदार बारिश से गाडगंगा नदी उफनी, पुल पर आया पानी

**आधे घंटे हुई तेज बारिश, सोमवारिया जाबे वाले छोटे पुल पर आवागमन प्रभावित**

डीआर संवाददाता ■ राजगढ़



राजगढ़ जिले के खिलचीपुर में सोमवार दोपहर तेज हवा के साथ करीब आधे घंटे तक जोरदार बारिश हुई। बारिश के बाद गाडगंगा नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ गया और नदी उफान पर आ गई। सोमवारिया जाने वाले छोटे पुल पर पानी आने से कुछ समय के लिए आवागमन प्रभावित हुआ। लोगों ने बड़े पुल से आवाजाही की।

राजगढ़ जिले में पिछले चार दिनों से रुक-रुककर बारिश का दौर जारी है। सोमवार को खिलचीपुर में जिले में सबसे अधिक 124.8 मिमी बारिश दर्ज की गई। बारिश के कारण नदी-नालों के जलस्तर में भी बढ़ोतरी हुई है।

आंकड़ों के अनुसार 1 जून से 14 सितंबर तक राजगढ़ जिले में औसत 975.1 मिमी बारिश दर्ज की गई है। पिछले साल इसी अवधि में 1338.4 मिमी बारिश हुई थी। इस तरह इस सीजन अब तक जिले में पिछले साल की तुलना में 363.3 मिमी कम बारिश दर्ज हुई है।

### हड़ताल से दो दिन से आपूर्ति बंद, लोग परेशान

छापीहेड़ा। डीजल दूध वाहन की मांग को लेकर दूध उत्पादकों और डेयरी संचालकों की अनिश्चितकालीन हड़ताल से नगर एवं आसपास के क्षेत्र में पिछले दो दिनों से दूध की आपूर्ति प्रभावित है। नगर की अधिकांश सोसायटियों पर दूध उपलब्ध नहीं होने से आम नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोग दूध की व्यवस्था के लिए इधर-उधर भटकने और वैकल्पिक साधन जुटाने को मजबूर हैं।

## पिता पर हमले की साजिश बेटे ने रची, भैंस चोरी की कहानी भी गढ़ी

डीआर संवाददाता ■ ब्यावरा



मालवर थाना क्षेत्र के पालडी गुसाई गांव में किसान कमल पुरी पर कुल्हाड़ी से हमले के मामले में पुलिस ने पीड़ित के बेटे दीपक पुरी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, किसान पर हमला किसी कदमका ने नहीं, बल्कि उसके बेटे दीपक पुरी ने किया था। आरोपी ने पिता की मौत के बाद जमीन अपने नाम होने और उसे बेचकर रुपए हासिल करने की साजिश रची थी।

पुलिस के मुताबिक, दीपक आए दिन पिता से रुपए मांगता था। घटना वाले दिन भी दोनों के बीच रुपए को लेकर विवाद हुआ था। इसके बाद रात करीब 4 बजे दीपक ने सो रहे पिता पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल होने के बाद भी वह पिता के पास ही रहा।

घटना को दूसरा रूप देने के लिए आरोपी ने भैंस की रस्सी काट दी और ढकेली थी। भैंस चोरी की झूठी कहानी ग्रामीणों को बताई। हालांकि घटनास्थल के साक्ष्यों और बयानों ने विरोधाभास मिलने पर पुलिस को शक हुआ।

पूछताछ में आरोपी से जमीन बेचकर रुपए हासिल करने की मंशा सामने आने की जानकारी पुलिस ने दी है। एसपी अमित तोलानी के अनुसार घटना में इस्तेमाल कुल्हाड़ी जब्त कर ली गई है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार आरोपी पहले भी पिता पर हमला कर चुका था।

ब्यावर से मालवर थाना क्षेत्र के पालडी गुसाई गांव में किसान पर हुए जानलेवा हमले के मामले में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है।

पुलिस जांच में सामने आया है कि पायदान किसान कमल पुरी पर कुल्हाड़ी से हमला किसी गैर ने नहीं, बल्कि उसके सगे बेटे दीपक पुरी ने ही किया था।

## गणेश चतुर्थी पर गूंजे गणपति बाप्पा मोरिया के जयकारे, बाजारों में रही भारी भीड़, सुख-समृद्धि और विघ्नों का नाश होता है।

डीआर संवाददाता ■ राजगढ़/कुलेर



गणेश चतुर्थी के पावन पर्व पर नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भक्ति और उल्लास का माहौल गजर आया सुबह से ही मंदिरों और पंडालों में भगवान श्री गणेश की स्थापना के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ी। नगर में राजगढ़ चौराहा स्थित बारा रटैंड सहित अन्य स्थानों पर गणेश प्रतिमाओं की खरीदारीके लिए दिनभर भीड़ लगी रही छोटे-बड़े सभी आकार की प्रतिमा बाजार में बिकी। घरों में बप्पा मुद्रा वाली थैली मुद्रा की प्रतिमाओं को विशेष रूप से स्थापित किया गया। पंडित मंडेश्वर के साथ स्थापना के बाद मोदक, लड्डू और फल-फूल का भोग लगाया गया। कई स्थानों पर 10 दिवसीय गणेश उत्सव के लिए धन्य पंडाल सजाए गए। जहां श्रद्धालु आरती, भजन और महाप्रसादी का आयोजन होगा। पंडितों के अनुसार इस वर्ष चतुर्थी पर शुभ मुहूर्त में स्थापना करने से घर में सुख-समृद्धि और विघ्नों का नाश होता है।

### बड़े और छोटे गणेश मंदिर पर विशेष पूजा अर्चना की गई

शहर के बड़ा गणेश मंदिर और छोटे गणेश मंदिर पर गणेश चतुर्थी के अवसर पर विशेष पूजा अर्चना संपन्न हुई अभिषेक किया गया। मंदिरों को विशेष विद्युत लाइटों से राजा सजाया की गई। यहीं दिनभर मंदिर में गु अर्चना का दौर पड़ा रहा की गणेश का आकर्षक श्रृंगार आरती की वही बच्चों शहर में विभिन्न कर कर गणेश जी को राजगढ़। सोमवार से 10 दिवसीय गणेशोत्सव की शुरुआत हुई।

**जन्मोत्सव** बाबा रामदेव जन्मोत्सव पर ब्रह्माकुमारीज संस्था की पहल

# जीवन ति में कभी किसी तरह का नशा न करने का संकल्प दिलवाया

डीआर संवाददाता ■ राजगढ़



स्थानीय उंट जोड़ स्थित बाबा रामदेव मंदिर में चल रही कथा के दौरान प्रजापिता ब्रह्माकुमारी संस्था द्वारा एक दिवसीय आध्यात्मिक प्रवचन एवं नशामुक्ति कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। दौरान उपस्थित हजारों महिला, पुरुष एवं बच्चों को जीवन ति में कभी किसी तरह का नशा न करने का संकल्प दिलवाया गया। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी सुरेखा दीदी ने कहा कि मनुष्य के जीवन को भी अच्छे कर्मों से महान बना सकता है।

### नशे के दुष्परिणामों से कराया अवगत

कार्यक्रम में नशे से होने वाले शारीरिक, पारिवारिक एवं सामाजिक दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। मधु दीदी ने कहा कि स्वस्थ और खुशहाल जीवन के लिए नशामुक्त जीवन आवश्यक है। प्रवचन व्यक्ति यदि स्वयं को व्यसनों से मुक्त करने का संकल्प ले तो परिवार, समाज और राष्ट्र के निर्माण में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है। उन्होंने नशामुक्त जीवन अपनाने का आह्वान उपस्थितजनों से किया। इस दौरान आध्यात्मिक प्रश्न, राजयोग पर भी प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आध्यात्मिक जागृति के साथ-साथ नशामुक्त जीवन के प्रति जागरूकता पैदा करना रहा।

### रामदेव का चल समारोह ढोल-ढीजे के साथ निकाला गया

खुजनेर। गोकुलाल समाज समिति द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी बाबा रामदेव जी का जन्मोत्सव शादी की दूज के अवसर पर बड़े उल्लास और धूमधाम से मनाया गया। समिति द्वारा शहर में बाबा रामदेव का चल समारोह ढोल-ढीजे के साथ निकाला गया। समारोह का शुभारंभ देर शाम शहर के मुख्य मार्ग से हुआ, जो राजगढ़ रोड, विमला बस स्टैंड, पुराना थाना, शिवजी मार्केट, बायसखेड़ा रोड होते हुए बाबा रामदेव मंदिर पहुंचा। चल समारोह में सबसे आगे ढीजे पर बाबा रामदेव के भजन बज रहे थे, उसके पीछे घुड़क नृत्य करते हुए चल रहे थे।

## यज्ञ कर मांगी शासन की सद्‌बुद्धि, पार्टियां के लोग पहुचे

डीआर संवाददाता ■ राजगढ़।

किसान हितैषी विभिन्न मांगों को लेकर भारतीय किसान संघ का जिला स्तरीय धरना सोमवार को चौथे दिन भी जारी रहा। राजगढ़ के खिलचीपुर नाका स्थित पार्क में चल रहे धरने में भाजपा जहांगीर की टीम ने पहुंचकर किसानों का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि जिला पंचायत अध्यक्ष बाद में हू पहले किसान हू।

उन्होंने शासन से किसानों की मांगें पूरी करने की बात कही। भारतीय किसान संघ का जिला स्तरीय धरना शुक्रवार से शुरू हुआ था। चार दिनों से किसान धरना स्थल पर ही डटे हुए हैं। यही भोजन करने के साथ पवतीकरी रात में भी धरना स्थल पर रह रहे हैं।